हरिभूमि
# रायपुर भूमि

■ पक्षी विहार प्रबंधन का कहना है, खुली जगह है कहीं से भी चूहे आ सकते हैं





## परिंदों का दाना चट कर रहे चूहे दिनभर मचा रहे धमाचौकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के अटारी स्थित नंदनवन पक्षी विहार में उड़ते परिंदों की चहचहाट सुनने के साथ ही चूहों के दर्शन करने के साथ ही उनके चीं..चीं की आवाज सुनने को मिल रही है। इसकी वजह पक्षियों का दाना है। पक्षियों के लिए पिंजरे में रखे गए दाने से आकर्षित होकर चूहों ने पक्षी विहार में जगह-जगह बिल बना लिए हैं और पक्षियों के साथ चूहे दाना चुगते हर आने जाने वालों को दिख जाते हैं। नंदनवन पक्षी विहार के एसडीओ ▶▶|शेष पेज 15 पर

**इस वजह से भी आते हैं चूहे :** पक्षी विहार के अफसरों के अनुसार पक्षियों के लिए हर सप्ताह मक्का तथा बाजरा लाया जाता है। पक्षियों के लिए लाए गए दाना को स्टोर नहीं किया जाता। खुले में सुरक्षित स्थान पर पक्षियों के लिए पॉट में दाना रख दिया जाता है। इसकी वजह पक्षी पूरे दिन दाना चुगते रहते हैं।

**चूहों को इसलिए नहीं मार सकते :** पक्षी विहार में भारी तादाद में चूहे हैं, लेकिन इन चूहों को मारने के लिए जहर नहीं दिया जा सकता। इसकी वजह पक्षी विहार में रहने वाले पक्षी जहर की चपेट में आ सकते हैं। इससे पक्षियों की मौत हो सकती है।

### कीचड़ में हिरण

पक्षी विहार में जहां हिरण का बाड़ा है, उसके एक बड़े भू-भाग में कीचड़ फैला हुआ और पानी भरा हुआ है। इस संबंध में पक्षी विहार के अफसर का कहना है कि हिरण के खुर की बनावट ऐसी रहती है कि वह कीचड़ के साथ ठोस जमीन पर चल सकता है। जानकारों के अनुसार हिरण के कीचड़ में होने से संक्रमण और बीमारी फैल सकती है। साथ ही कीचड़ में रहने से हिरणों के खुर में संक्रमण फैल सकता है।

### खबर संक्षेप

#### सूने मकान में धावा 90 हजार की चोरी

**रायपुर।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सड्डू में एक सूने मकान में चोरी हो गई। घटना की रिपोर्ट विधानसभा थाने में दर्ज कराई गई है। प्रार्थी कमलेश दीवान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका पूरा परिवार बाहर गया हुआ था। घर पर ताला लगा था। वापस जब वे लौटे तो घर का ताला टूटा था और अंदर कमरे में रखी आलमारी खुली हुई थी, जिसमें रखे 65 हजार कीमत के सोने-चांदी के जेवरात एवं नकदी 25 हजार रुपए गायब थे। पुलिस ने इस मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है।

#### महिला के गले से सोने की चेन-मंगलसूत्र पार

**रायपुर।** रथयात्रा के दौरान एक महिला के गले से अज्ञात चोर ने सोने की चेन एवं मंगलसूत्र को पार कर दिया। शिवनगर खम्हारडीह निवासी पी. सरोजनी राव ने खम्हारडीह थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह 27 जून को बीटीआई ग्राउंड में रथयात्रा में शामिल होने गई थी। इसी दौरान कोई अज्ञात चोर भीड़ का फायदा उठाकर उसके गले में पहने सोने की चेन एवं मंगलसूत्र को पार कर दिया। जेवरात की कुल कीमत 98 हजार रुपए है। पुलिस ने प्रकरण में धारा 303-2 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

#### चाकू से दहशत फैलाते नाबालिग पकड़ा गया

**रायपुर।** आमानाका पुलिस ने चाकू लेकर लोगों को आतंकित करते एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सुबह 8 बजे सूचना मिली कि डूमरतालाब अटल आवास के पास एक युवक चाकू लेकर लोगों को डराते घूम रहा है। पुलिस ने मौके पर जाकर उसे चाकू के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया। पूछताछ पर आरोपी नाबालिग पाया गया है। उसके विरुद्ध धारा आर्म्स एक्ट 25, 27 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

#### घर में घुसकर मारपीट दो पर केस दर्ज

**रायपुर।** घर में जबरन घुसकर मारपीट करने के मामले में मंदिर हसौद पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 27 जून को सुबह 9.30 बजे ग्राम बाहनाकाड़ी की है। प्रार्थी सागर चौहान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कन्हैया चौहान से उसकी पुरानी रंजिश है। इस रंजिश के चलते कन्हैया और उसके अन्य एक साथी डंडा लेकर उसके घर में घुस आए और उसके साथ गाली-गलौच कर मारपीट की। इससे उसे चोट आई है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के विरुद्ध धारा 333, 296, 115-2, 351-2, 3-5 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

भारतमाला परियोजना में आरोपियों को हाजिरी के लिए ईओडब्लू के विशेष न्यायाधीश ने जारी की उद्घोषणा

## भारतमाला परियोजना के आधा दर्जन आरोपी फरार, कोर्ट नहीं आएंगे तो संपत्ति होगी अटैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

भारतमाला परियोजना में 48 करोड़ भू-अर्जन घोटाला को लेकर ईओडब्लू की विशेष अदालत ने शनिवार को आधा दर्जन फरार आरोपियों को कोर्ट में हाजिरी के लिए उद्घोषणा की है। आरोपियों को 29 जुलाई तक कोर्ट में उपस्थिति होकर अपना बयान दर्ज करना होगा। उद्घोषणा के बाद भी आरोपियों के कोर्ट में बयान दर्ज कराने नहीं आने पर उनकी संपत्ति अटैच की कार्रवाई की जाएगी। इसकी पुष्टि ईओडब्लू के वकील मिथिलेश वर्मा ने की है।

कोर्ट ने राजस्व विभाग के जिन आरोपियों के खिलाफ हाजिरी के लिए उद्घोषणा जारी की है, उनमें अभनपुर के तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी, निलंबित निर्भय कुमार साहू, तत्कालीन तहसीलदार शशिकांत कुर्रे, तत्कालीन नायब तहसीलदार लखेश्वर प्रसाद किरण, पटवारी जितेन्द्र कुमार साहू, बसंती धृतलहरे, लेखराम देवांगन के नाम शामिल हैं। इन सभी के खिलाफ ईओडब्लू, एसीबी में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम धारा 7 सी एवं आईपीसी की धारा 467, 468, 471, 420, 120-बी के तहत अपराध दर्ज है।

### ईओडब्लू के वकील ने इसकी पुष्टि की है


अधिसूचना से पहले भारतमाला का नक्शा लीक, इसलिए टुकड़ों में बंटी जमीन

26 अप्रैल को प्रकाशित खबर



**संपत्ति अटैच की कार्रवाई**

कोर्ट में हाजिरी उद्घोषणा जारी होने के बाद कोर्ट में उपस्थित होने की तारीख के पहले ईओडब्लू, एसीबी आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाब हो जाती है, तो ऐसे में इनको आसानी से जमानत नहीं मिल सकती थी। 29 जुलाई तक कोर्ट में आरोपियों के उपस्थित नहीं होने पर कोर्ट इन आरोपियों की संपत्ति अटैच करने की कभी भी कार्रवाई कर सकती है। इसीलिए इन सभी छह आरोपियों को एक माह का समय दिया गया है।

#### वारंट तामिल नहीं होने पर उद्घोषणा हाजिरी

ईओडब्लू के वकील के अनुसार इन सभी आरोपियों को जांच एजेंसी बयान दर्ज कराने लगातार नोटिस जारी करती रही। बावजूद इसके भारतमाला परियोजना घोटाला के आरोपी बयान दर्ज कराने जांच एजेंसी के कार्यालय नहीं पहुंचे। इस पर इन सभी के खिलाफ कोर्ट के माध्यम से गिरफ्तारी वारंट जारी कराया गया। वारंट तामिल करने जाने वालों को बैरंग लौटा दिया जाता था। साथ ही कई का पता गलत होना पाया गया। इस वजह से सभी छह आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में हाजिरी के लिए उद्घोषणा जारी की गई।

### देर शाम की घटना

## फोम फैक्ट्री में आग जिंदा जला मजदूर



■ छह एकड़ में फैली थी फैक्ट्री, पांच घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के कुटेसर गांव में संचालित फोम फैक्ट्री में शुक्रवार देर शाम आग लगने से हड़कंप मच गया। आग की चपेट में आने से एक मजदूर की जलकर मौत हो गई। मृतक मजदूर धमतरी का रहने वाला था। घटना की जानकारी मिलने पर मंदिर हसौद थाने की पुलिस के साथ रायपुर तथा नवा रायपुर से फायर ब्रिगेड की गाड़ी आग बुझाने पहुंची थी। घटना के समय फैक्ट्री में 17 मजदूर कार्य कर रहे थे।

फैक्ट्री में आग से जलकर मरने वाले मजदूर की पहचान धमतरी, मगरलोड निवासी त्रिलोचन ध्रुव (18) के रूप में हुई है। आग से घिरा मजदूर मदद के लिए चीखता रहा, लेकिन उसे कोई बचा नहीं पाया। आग की लपटें इतनी ज्यादा थीं कि मजदूर ▶▶|शेष पेज 15 पर


## आटोमैटिक हुई रायपुर एयरपोर्ट की पार्किंग स्वचलित मशीन से निकलेगी पर्ची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में पार्किंग की पर्ची को लेकर होने वाले विवाद पर अब विराम लगने की संभावना है। वसूली की विभिन्न शिकायतों के बाद विमानतल प्रबंधन ने आटोमैटिक पार्किंग सिस्टम विकसित कर इसे प्रारंभ कर दिया है। अब स्वचलित मशीन के जरिए वाहन की पर्ची निकलेगी और विमानतल से वाहन के एग्जिट होने के दौरान फास्ट टैग के जरिए शुल्क कट जाएगा।

विमानतल पर यात्रियों को छोड़ने वाली गाड़ियों के शुल्क को लेकर अक्सर विवाद की स्थिति बनती थी और वाहन चालकों के साथ ठेका कर्मियों के बीच मारपीट तक हो जाती थी। इसे लेकर अक्सर आवाजाही करने वाले यात्रियों में दहशत की स्थिति बनी रहती थी। पार्किंग के नाम पर अधिक वसूली की शिकायत आए दिन प्रबंधन के पास पहुंचती थी। इन विवादों पर अब लगाम लगने की संभावना है। विमानतल प्रबंधन ने पार्किंग सिस्टम को इंसानी दखल से दूर रखते हुए आटोमैटिक सिस्टम तैयार कर इसे शनिवार ▶▶|शेष पेज 15 पर

### ज्यादा पैसे की शिकायत और आए दिन होने वाले विवादों पर लगेगा विराम



#### समय की होगी बचत

इस सिस्टम के लागू होने से यात्रियों की सुविधा और समय की बचत होगी। पर्ची और शुल्क प्राप्त करने के लिए उन्हें अनावश्यक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। यात्रियों के वाहन से ड्रॉप और पिकअप समय की तयशुदा दर के अनुसार पैसा कटेगा। वाहन चालक अपने मित्र या रिश्तेदार को एयरपोर्ट पर ड्रॉप करने के बाद जब पार्किंग एग्जिट पर पहुंचेंगे तो फास्टैग से पैसा अपने आप टोल बूथ की तर्ज पर कट जाएगा।

#### दरों में बदलाव नहीं

एयरपोर्ट प्रबंधन द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि वाहनों से लिए जाने वाले पार्किंग शुल्क के सिस्टम में ही बदलाव किया गया है। इसका पार्किंग की दरों से संबंध नहीं है। शुल्क दरों का निर्धारण आठ बजे से पहले किया गया था। कारों के लिए आधे घंटे का शुल्क 40 रुपये तय किया गया है। प्रीमियम कारों के लिए यह शुल्क 100 रुपये निर्धारित किया गया है।




11 हजार कोच में लगाए जा रहे सीसीटीवी और पैनिक बटन

## रेलवे के नए कोच में अब पैनिक बटन एआई से संदिग्ध गतिविधियों की पहचान

*पैनिक बटन से आपात स्थिति में यात्री तुरंत चालक और सुरक्षा दल को कर सकेंगे अलर्ट*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेल यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए रेलवे ने कई अहम फैसले लिए हैं, जिनमें महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है। चालू वित्त वर्ष के दौरान 11 हजार से अधिक कोच में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही भविष्य में बनने वाले सभी कोच में एसओएस पैनिक बटन लगाने की योजना है, जिससे आपात स्थिति में यात्री तुरंत चालक और सुरक्षा दल को अलर्ट कर ▶▶|शेष पेज 15 पर

### ट्रेन में बढ़ेगी सुरक्षा



**कंट्रोल रूम से सीधे कनेक्ट रहेंगे :** कोचों में लगने वाले सभी सीसीटीवी कैमरे एचडी क्वालिटी के होते हैं, जिनमें कम से कम एक महीने तक की रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखा जा सकता है। सबसे ज्यादा प्राथमिकता महिला डिब्बों, स्लीपर और जनरल कोचों में सीसीटीवी लगाने को दी जा रही है। व्यवस्था की जा रही है कि सारे कैमरे आरपीएफ कंट्रोल रूम से सीधे कनेक्ट रहेंगे, जिससे निगरानी और एक्शन में तेजी लाई जा सकेगी।

#### पैनिक बटन लगाना अनिवार्य

आगामी दो वर्षों में सभी एक्सप्रेस ट्रेनों के कोच में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की योजना है। महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए अब जितने भी कोच बनाए जा रहे हैं, उनमें पैनिक बटन लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। यह बटन मोबाइल ऐप से भी जुड़ा रहेगा, जिससे आपात स्थिति में यात्री मोबाइल के माध्यम से भी अलर्ट भेज सकेंगे। इसके अलावा देशभर में विकसित किए जा रहे स्मार्ट स्टेशनों पर फेस रिकग्निशन तकनीक, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली और भीड़ नियंत्रण दल की व्यवस्था की जा रही है। प्रतीक्षालयों में महिला स्टाफ की तैनाती को भी अनिवार्य किया गया है। रेलवे द्वारा 'संवेदनशील' और 'अति-संवेदनशील' स्टेशनों पर विशेष फोकस किया जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

### एयरटेल पेमेंट बैंक सेवा केंद्र का शुभारंभ



**आरंग।** एयरटेल पेमेंट बैंक अपने बेकिंग पॉइंट द्वारा कई वर्षो से बैंकिंग सेवा दे रही है। इसी क्रम मे ग्राम पंचायत गुल्लू में एयरटेल पेमेंट बैंक स्टेट हेड वरुण खन्ना जी के मार्ग दर्शन से /"सेवा केंद्र/" का शुभारंभ किया गया । सेवा केंद्र के संचालक नेमदास बंजारे प्रो. झरना चॉइस सेंटर , जिनके पास ग्रामीण जन अपना खाता खुलवाकर आधार सीडिंग के माध्यम से आसानी से महतारी वंदन एवं अन्य सरकारी योजनाओं का पैसा प्राप्त करते है, इनके पास हितग्राही आसानी से ग्राम गुल्लू में ही पैसा निकाल सकते है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक के खाते मे 5 लाख रूपये का आजीवन दुर्घटना मृत्यु बीमा मुफ्त मिलता है। अब सेवा केंद्र से एटीएम, पासबुक सभी बैंकिंग सुविधा भी प्राप्त कर सकते है, इसके अलावा 10 साल तक के बच्चों का भी खाता खुल सकता है जिससे छात्रावृत्ति की राशि ले सकते है। सेवा केंद्र के शुभारंभ में एयरटेल पेमेंट बैंक के अधिकारी और कर्मचारी मनीष तिवारी, उमर खान, तपोधन गुप्ता, गुलशन पांडेय एवं सौरभ गुप्ता उपस्थित रहे।

### डाली का प्रयास विद्यालय के लिए हुआ चयन

**अभनपुर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल अभनपुर की



कक्षा आठवीं की छात्रा डाली साहू ने प्रयास विद्यालय प्रवेश परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए नवीन प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में कक्षा नवमी में प्रवेश हेतु चयन प्राप्त किया है। कुमारी डाली साहू, पूर्व जनपद सदस्य एवं जनपद पंचायत अभनपुर के सभापति स्वर्गीय भेनु राम साहू एवं पार्वती साहू की सुपुत्री हैं। डाली की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, शिक्षकों, सहपाठियों एवं परिजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

### गाय से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

**तिल्दा नेवरा।** कोहका चौक के पास गाय से टकराकर दोपहिया वाहन सवार युवक की हुई मौत नेवरा पुलिस ने किया मर्ग कायम। वार्ड क्रमांक 19 पुरानी बस्ती तिल्दा निवासी राहुल यादव पिता इतवारी यादव उम्र 20 वर्ष अपने दोस्त मोनू साहू की दोपहिया वाहन क्रमांक सीजी 04 एनडी 0818 में अपने साथी कुलेश्वर निषाद व भोला साहू को बैठाकर कोहका चौक के आगे मेन रोड पर पहुंचे थे, तभी रोड में गाय से टकरा जाने पर दोपहिया वाहन से गिर गए और घायल हो गए, राहुल को गंभीर चोट आई थी, घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने राहुल यादव को मृत घोषित कर दिया। नेवरा पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। शव का पीएम करवाकर परिजनों के सुपुर्द किया, साथ ही मामले की विवेचना नेवरा पुलिस द्वारा की जाएगी।

**प्रवेश उत्सव : परसदा में धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव**

# विद्यालय में बच्चों के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद जरुरी:ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

ग्राम पंचायत मानपुर के आश्रित शासकीय प्राथमिक शाला परसदा में ललिनी दिलीप ध्रुव जनपद सदस्य,जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 के आतिथ्य में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। ध्रुव के द्वारा बच्चों को गुलाल लगाकर स्कूल गणवेश के साथ साथ मिठाई व पेन वितरित किया गया तथा शाला के नये सत्र की शुभकामनाएं देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि अच्छे से पढ़ाई के साथ खूब खेलकूद जरुरी है।



गांव में कोई भी बच्चा शाला त्यागी न हो, आयुनुसार शत प्रतिशत बच्चों का स्कुल में दाखिला हों, इसके लिये गांव में सब पालक मिलकर सर्वे करेंगे। इस अवसर पर प्रधानपाठक राधा ध्रुव ने उपस्थित जनसमुदाय व पालकों को बताया गया की स्कूल गांव की है। बिना जनसमुदाय के सहयोग से बच्चों का विकास संभव नहीं है,अतः जनसमुदाय की सहभागिता आवश्यक है। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक राधा ध्रुव, शिक्षक रमेश कुमार वर्मा सहित सरपंच नीलू नरेंद्र वर्मा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जगदीश वर्मा सदस्य, गजानंद वर्मा, अवधराम, भारतलाल, ललिता वर्मा डोमार वर्मा अनुराधा साहू सहित पालक गण उपस्थित थे । अन्त में आज गांव के वरिष्ठ नागरिक गणेश राम साहू 100 जन्मोत्सव पर शाला परिवार की ओर से शाल व श्रीफल भेंट कर जन्मदिन की बधाई देकर भविष्य में स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दी गयी। गणेश राम साहू के द्वारा बच्चों को पेन व शाला परिवार कर पानी बोतल दिया गया।



### बकतरा धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

आरंग। शासकीय हाई स्कूल बकतरा (गोढ़ी) के शाला प्रांगण में शनिवार को ग्राम पंचायत बकतरा एवं शाला विकास समिति के तत्वाधान में हाई स्कूल के नव प्रवेशी बच्चों का प्रवेशोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कक्षा 9वी व 10वीं के नवप्रवेशी विद्यार्थियों को पुस्तक वितरित कर मिठाई खिलाकर व तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया और एक पेड़ मां के नाम के तहत सरपंच एवं शाला विकास अध्यक्ष द्वारा पेड़ लगाया गया। इस अवसर पर ग्राम बकतरा के सरपंच देवकी टंडन, शाला विकास के अध्यक्ष गजाध सभी जनप्रतिनिधि व शिक्षकगन के अलावा गांव के गणमान्य नागरिक पालकगन और बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति में उत्साह के साथ शाला प्रवेश कार्यक्रम को धूमधाम के साथ बनाया गया। इस अवसर कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों व सभी लोगो के लिए पंचायत द्वारा स्वल्पाहार की व्यवस्था किया गया था।

## आमदी स्कूल में प्रवेश उत्सव और विदाई समारोह मनाया



**अभनपुर।** ग्राम पंचायत आमदी स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला में सर प्रवेश उत्सव एवं विदाई-सम्मान समारोह का आयोजन हर्षोल्लास एवं भावुकता के वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर नवनिर्मित विद्यार्थियों का स्वागत और सेवानिवृत्त शिक्षक पंकज कुमार साहू एवं रोहित कुमार नागवंशी को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवक एवं समाज विचारक प्रभात मिश्र रहे उन्होने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, संस्कार और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते कहा विद्यालय केवल ज्ञान का केंद्र नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की नींव है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक अभयराम देवांगन ने की। उन्होंने अपने अनुभवों को साझा करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर जनपद सदस्य नंदिनी महेंद्र खुटियारे, सरपंच त्रिवेणी गोपीचंद सिन्हा, उपसरपंच लक्ष्मण सिन्हा, एसएमसी अध्यक्ष रुपेश सिन्हा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अन्य विशेष उपस्थित जनों में मोरध्वज निषाद, श्यामलाल निषाद, जी.आर. निषाद, नकुलराम निषाद, नरेश यादव, डेकेश्वरी सिन्हा, मंजू साहू, ताराचंद, ललित मेश्राम, उमेश साहू, फक्रेश्वर साहू, और ऋषिलाल साहू उपस्थित रहे।

# बैटरी चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार

**तिल्दा नेवरा।** ग्राम केसदा मार्ग स्थित यदु ट्रेडर्स कार्यालय से बैटरी चोरी के मामले में पुलिस ने एक युवक को उसके नाबालिग साथी के साथ रंगे हाथों पकड़ा है, जबकि अन्य आरोपी फरार हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थी मयंक यदु ने नेवरा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बिलाडी में स्थित उसके कार्यालय, यदु ट्रेडर्स, से जेसीबी वाहन की एक नग बैटरी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई है। प्रार्थी ने बताया कि वह रात 9 बजे कार्यालय बंद कर घर गया था और जब सुबह 9 बजे कार्यालय पहुंचा तो बाउंड्री वॉल पर सीढ़ी लगी हुई पाई गई। संदेह होने पर जब कार्यालय की जांच की गई तो एक नग बैटरी गायब मिली।पुलिस ने मामले में धारा 457, 380, 34




भादंवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की। जांच के दौरान सासाहोली अंडरब्रिज के पास पुलिस गश्त के दौरान एक पिकअप वाहन (क्रमांक CG 25 B 0125) को रोकने की कोशिश की गई, जिसे देखकर चालक घबरा गया और भागने लगा। मौके पर मौजूद अन्य आरोपी भी फरार हो गए। पुलिस ने वाहन से साहिल वानी (पिता रविशंकर वानी, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम रिसदा, थाना मस्तूरी, जिला बिलासपुर) और एक नाबालिग को पकड़ा। वाहन की तलाशी में दो नग बैटरी बरामद हुई। पूछताछ में दोनों ने एक बैटरी यदु ट्रेडर्स से तथा दूसरी बैटरी ओटगन के पास खड़ी एक ट्रक से चोरी करना स्वीकार किया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय भेजा गया है। वहीं, अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

### कुर्मी समाज का बैठक सड्डू में आज

**तरपोंगी।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज धरसींवा राज का सामाजिक प्रकरण बैठक आज ग्राम प्राथमिक शाला भवन सड्डू में सुबह 10 बजे से रखा गया है। बैठक की अध्यक्षता राज प्रधान नीलमणी परगनिहा करेंगे। इस बैठक में सामाजिक प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

# आरंग संकुल स्तरीय बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

शनिवार को संकुल प्राचार्य हरीश शर्मा एवं संकुल समन्वयक पोखन साहू के निर्देशन में अरुंधती देवी संकुल आरंग की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें शाला प्रवेश उत्सव मनाए जाने, निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण, स्कैनिंग, निशुल्क गणवेश वितरण, विद्यार्थियों की उपस्थिति, शत प्रतिशत नामांकन एवं स्कूल परिसर में एक पेड़ मां के नाम आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए क्रियान्वयन की स्थिति पर समीक्षा भी की गई। इस अवसर पर प्राचार्य शर्मा ने कहा कि केंद्रीकृत परीक्षा पांचवीं एवं आठवीं है, अतः शुरुआत से ही बच्चों की नियमित उपस्थिति एवं शैक्षिक दायित्व के निर्वहन के प्रति सजग रहे वही संकुल समन्वयक पोखन साहू ने निर्देशों को स्पष्ट करते हुए कहा कि पाठ्य पुस्तकों की स्कैनिंग शत प्रतिशत होनी चाहिए एवं समय सारणी का पालन, डेली डायरी, ऑनलाइन अवकाश, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं मध्यान भोजन तथा शनिवार को होने वाली शैक्षिक गतिविधियों पर जोर दिया गया। इस बैठक में प्रधान पाठक विद्या चंद्राकर, अनुसुइया साहू, जया वर्मा, चित्रा देवांगन, पूनम चंद पाटले, गोपी गुप्ता, विमला बंजारे, लोमेश्वरी चंद्राकर, रोशनी प्रधान, केसरी ढीढी, प्रेरणा चंद्राकर, ऋषि पटेल आदि सभी शिक्षकों की उपस्थिति रही।

# पीएमश्री स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

पीएमश्री प्रियदर्शिनी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिंदी माध्यम विद्यालय नेवरा तिल्दा में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्रकला वर्मा (अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा), विशिष्ट अतिथि के रूप में रानी सौरभ जैन (सभापति, स्वास्थ्य एवं शिक्षा नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा), ईश्वर प्रसाद यदु (सभापति राजस्व एवं आवास निर्माण नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा), पारुल अग्रवाल (पार्षद नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा), राजू कुरैशी (वरिष्ठ



भाजपा नेता), गोपाल साहू (भाजपा नेता), किरण इत्यादि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज निषाद (अध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंध समिति एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष तिल्दा शहर)के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य दुष्यंत सोनी एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की पूजा व माल्यार्पण कर की गई। तत्पश्चात विद्यालय के संस्था प्रमुख दुष्यंत सोनी के द्वारा सभी अतिथियों का पुष्प-गुच्छों के द्वारा स्वागत किया गया। अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर एवं पुस्तक प्रदान कर छात्रों को प्रोत्साहित किए।

# पारंपरिक आस्था के साथ निकाली रथयात्रा

**आरंग।** आरंग शहर सहित क्षेत्र के दर्जनों गांवों में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा परंपरागत उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। रथयात्रा के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा। झांकियों, भजन-कीर्तन ने वातावरण को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। हालांकि इस वर्ष की रथयात्रा एक मायूसी के साथ भी जुड़ी रही। परंपरागत मान्यता के अनुसार, रथयात्रा से पूर्व जब भगवान जगन्नाथ को 'स्नानपूर्णिमा' पर स्नान कराया जाता है, तो उस दिन क्षेत्र में वर्षा होना शुभ और अनिवार्य माना जाता है। किंतु इस वर्ष स्नान के दिन आसमान साफ रहा और एक बूंद भी वर्षा नहीं हुई। इससे आस्थावान श्रद्धालुओं में निराशा व्याप्त है। आरंग नगर के मुख्य जगन्नाथ मंदिर सहित दर्जनों गांवों में रथयात्रा बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली गई। पारंपरिक लकड़ी से बने रथ को सुसज्जित कर श्रद्धालुओं द्वारा रस्सी खींचकर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा को नगर भ्रमण कराया गया। महिला, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग–सभी उम्र के लोगों ने रथ खींचकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। स्नानपूर्णिमा के दिन भगवान जगन्नाथ के अभिषेक के दौरान बारिश होना यहां की वर्षों पुरानी आस्था से जुड़ा संकेत माना जाता रहा है। किंतु इस बार बारिश नहीं होने से लोगों में चिंता है। जहां एक ओर रथयात्रा की भव्यता और श्रद्धालुओं की आस्था ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया, वहीं परंपरागत वर्षा न होने से लोगों में निराशा भी रही। यह घटना केवल एक मौसमीय बदलाव नहीं, बल्कि एक सामाजिक और सांस्कृतिक चेतावनी भी हो सकती है, जिसे समझना हम सभी के लिए जरूरी है।

**जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की पूजा-अर्चना की**

# कल्पवृक्ष स्कूल में जगन्नाथ रथयात्रा उत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

कल्पवृक्ष पब्लिक स्कूल आरंग में भगवान जगन्नाथ रथयात्रा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। यह पावन उत्सव आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। उत्सव की शुरुआत भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की प्रतिमाओं की पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विद्यालय की शिक्षिकाओं ने बच्चों के साथ की, सभी बच्चों ने पूरे मनोयोग से पूजा में भाग लिया और पुष्प अर्पण कर अपने श्रद्धाभाव का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों को जगन्नाथ रथयात्रा



की कथा डिजिटल ऑडियो वीडियो के माध्यम से सुनाई गई। कहानी सुनकर बच्चे अत्यंत आनंदित हुए और भगवान जगन्नाथ के प्रति और अधिक आस्था से भर उठे। कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशेष जगन्नाथ फेस क्राफ्ट एवं आर्ट एक्टिविटी का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और भक्ति का सुंदर संगम प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में लक्ष्य पिता गुलशन यादव द्वारा तैयार किया गया। जगन्नाथ फेस क्राफ्ट विशेष रूप से सराहनीय रहा, जो अपनी कलात्मकता और भावनात्मकता से सभी को मोहित कर गया। उत्सव का समापन विद्यार्थियों को अंकुरित चना मुंग प्रसाद वितरण के साथ किया गया।

शोक संदेश



स्व. श्री अशोक गोयल

स्व. श्री अशोक गोयल (जन्म : 29 जून 1959) का
बैकुंठवास मंगलवार दिनाँक 17 जून 2025 को हो गया है,

पगड़ी एवं श्रद्धांजली सभा

दिनाँक: 29 जून 2025 दिन रविवार, समय:- सायं 4.00 बजे,
स्थान:- अग्रसेन धाम, छोकरा नाला, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.)
(नोट: महिलाओं की बैठक भी इसी स्थान पर रखी गई है)

शोकाकुल परिजन

भाई - रमेश गोयल, विरेन्द्र गोयल, सुरेंद्र गोयल, संजय गोयल
पुत्र- औम गोयल, भतीजे - विक्रम गोयल, सिद्धार्थ गोयल, मनीष गोयल,
स्पर्श गोयल,हर्ष गोयल एवं समस्त गोयल परिवार

नाकोड़ा ग्रुप

# प्रोटोकाल में उलझे अफसर, नियमित सुनवाई नहीं, इसलिए राजस्व-भाड़ा नियंत्रण, नजूल के थोक में प्रकरण डंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी होने के कारण रायपुर जिले में अन्य जिलों की अपेक्षा सबसे ज्यादा वीवीआईपी, वीआईपी लोगों का आना-जाना, कार्यक्रम के साथ राजनीतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक धरना-प्रदर्शन, जुलूस, चुनाव सहित अन्य विभिन्न शासकीय एवं गैर शासकीस कार्यक्रम होते रहते हैं।

इन कार्यक्रमों में प्रोटोकाल को फॉलो किया जाता हैं। इस प्रोटोकाल में कई अफसरों की ड्यूटी लगाई जाती है। इनमें अपर कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर से लेकर एसडीएम, तहसीलदारों से लेकर जिले के विभिन्न विभागों के अफसरों को भी झोंक दिया जाता है। इन अफसरों के प्रोटोकाल ड्यूटी लगाए जाने के कारण विभागों में न केवल कामकाज प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि राजस्व, भाड़ा नियंत्रण, नजूल न्यायालयों में चलने वाले प्रकरणों के निराकरण भी नहीं हो पा रहे हैं। इन न्यायालयों में सुनवाई करने वाले अफसरों का समय ज्यादातर प्रोटोकॉल ड्यूटी में ही चला जा रहा है, जिसके कारण इन विभागों के न्यायालयों में प्रकरणों की संख्या घटने की जगह लगातार बढ़ रही है। यही कारण है कि वर्तमान में राजस्व के लगभग 7 हजार, भाड़ा नियंत्रण के 4 सौ से ज्यादा एवं नजूल के लगभग 400 प्रकरण लंबित हैं।

### तीन माह में 7 हजार से अधिक प्रकरणों में कई बार बढ़ी पेशी की तारीख

रायपुर जिले में पिछले तीन माह में राजस्व, भाड़ा नियंत्रण एवं नजूल संबंधित लगभग सात हजार प्रकरणों में सुनवाई की तारीख कई बार बढ़ी हैं। सुनवाई बढ़ने के कारण पक्षकारों को भी कई बार कलेक्टोरेट एवं तहसील कार्यालयों के न्यायालयों के चक्कर लगाने पड़े हैं, क्योंकि पेशी की तारीख आगे बढ़ाने संबंधित पक्षकारों को मोबाइल पर न ही मैसेज किए जा रहे हैं और न ही संपर्क कर सूचना दी जाती है। पक्षकारों को न्यायालय पहुंचने के बाद दीवारों पर चस्पा की गई सूचना पढ़कर पता चलता है कि पेशी की तारीख आगे बढ़ा दी गई है।

### भाड़ा नियंत्रण कोर्ट में 430 प्रकरणों में सिर्फ 15 में आदेश जारी

मकान मालिक और किरायेदार के बीच किराये के समझौते, किराए की राशि, कब्जा या अन्य शर्तों के विवाद



होने के प्रकरणों को सुलझाने के लिए भाड़ा नियंत्रण कोर्ट है। पिछले तीन साल में इस कोर्ट में साढ़े चार सौ से अधिक प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें से अब तक मात्र 15 प्रकरण ही निराकृत किए गए हैं। विभाग के अफसर ने इसकी पुष्टि की है। अफसर का कहना है कि उन्हें प्रोटोकॉल की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। इस कारण से प्रकरणों पर नियमित सुनवाई नहीं हो पाती है।

### तहसील न्यायालयों में 6 हजार से ज्यादा प्रकरण लंबित

जिले के तहसील न्यायालयों में राजस्व के 6 हजार से ज्यादा प्रकरण लंबित हैं। सूत्रों के अनुसार इनमें एक हजार से ज्यादा प्रकरण 5 साल उससे अधिक समय से लंबित हैं, वहीं तीन हजार प्रकरण दो साल से लेकर चार साल के बीच के हैं। इसी प्रकार लगभग दो हजार प्रकरण एक साल से अधिक समय से लंबित हैं।

### नजूल कोर्ट में 400 प्रकरण लंबित

जिले में नजूल के दो कोर्ट भी लगभग चार सौ प्रकरण लंबित हैं। इन प्रकरणों पर भी सुनवाई की पेशी बारंबार बढ़ती रही है, जिसके कारण पक्षकारों को भी बार-बार नजूल कोर्ट के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। इनमें एक कोर्ट में 150 तथा दूसरे कोर्ट में 234 प्रकरण लंबित हैं।

### योजनाओं व कामकाज पर भी असर

प्रोटोकॉल ड्यूटी में अफसरों के व्यस्त रहने से विभाग के कामकाज पर भी असर देखने को मिल रहा है। दफ्तरों में कई फाइलें डंप हैं। इनमें केंद्रीय एवं राज्य की विभिन्न योजनाओं की भी फाइलें हैं, जिन पर अफसर प्रोटोकॉल ड्यूटी के कारण फोकस नहीं कर पा रहे हैं। कई योजनाएं तो ठंडे बस्ते में चली गई हैं, जिन पर विभाग ने ध्यान देना ही बंद कर दिया है।

### दिनभर में दो से तीन घंटे ही कोर्ट-दफ्तर में बैठ रहे अफसर

प्रोटोकॉल ड्यूटी के कारण अफसर भी दिनभर में दो से तीन घंटे ही अपने कक्ष और कोर्ट में बैठ पा रहे हैं। तहसील कार्यालयों में ज्यादातर तहसीलदार प्रोटोकॉल ड्यूटी में व्यस्त रहते हैं, यही कारण है कि दिनभर में एक से दो घंटे ही कोर्ट में दे पा रहे हैं। बाकी समय वे फील्ड पर प्रोटोकॉल ड्यूटी में लगे रहते हैं।

## डीएपी की कमी, एनपीके का लक्ष्य बढ़ाया

# खाद की कालाबाजारी पर होगी सख्ती मंत्री कश्यप ने कहा- होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में डीएपी खाद की कमी को देखते हुए प्रदेश में डीएपी खाद की पर्याप्त सप्लाई नहीं हो पा रही है, तो डीएपी के वैकल्पिक खादों के प्रति किसानों को जागरूक करें और जो वैकल्पिक खाद उपलब्ध है, किसानों को दिया जाए। उन्होंने बैठक में कहा, किसानों को सहूलियत प्रदान करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री केदार कश्यप शनिवार को अपने नवा रायपुर स्थित निवास कार्यालय में सहकारिता और उर्वरक कंपनियों के अधिकारियों की बैठक में किसानों को खाद की उपलब्धता सुनिश्चित बनाए रखने के संबंध में समीक्षा कर रहे थे।

सहकारिता मंत्री ने कहा, रासायनिक खाद की कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संलिप्त पाए जाने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों व केन्द्र संचालकों के पर कड़ी कार्यवाही की जाए। उन्होंने सहकारिता विभाग के अधिकारियों से कहा, प्रदेश में 2058 सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में रासायनिक खाद का भण्डारण हो और किसानों की मांग के अनुरूप खाद मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नैनो यूरिया, नैनी डीएपी के छिड़काव के प्रति भी किसानों को जागरूक करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।



### डीएपी की आपूर्ति के प्रयास जारी

बैठक में सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने बताया कि डीएपी खाद की आपूर्ति के संबंध में कंपनी के प्रतिनिधियों से समन्वय कर खाद सप्लाई के लिए विभागीय स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आने वाले समय में डीएपी खाद सप्लाई की संभावना है। अधिकारियों ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025 के लिए किसानों के मांग के अनुरूप विभाग 10.73 लाख मीट्रिक टन रासायनिक खाद का लक्ष्य निर्धारित किया है। लक्ष्य के विरूद्ध 5.85 लाख मीट्रिक टन का भण्डारण किया जा चुका है तथा किसानों को 4.37 लाख मीट्रिक टन खाद वितरित किए जा चुके हैं। वर्तमान में समितियों में 1.18 लाख मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है।

### डीएपी की कमी से एनपीके का बढ़ाया लक्ष्य

अधिकारियों ने बताया कि डीएपी का लक्ष्य 78 हजार 331 मीट्रिक टन है। इसके विरूद्ध अब तक 75 हजार 428 मीट्रिक टन डीएपी का भण्डारण किया जाकर किसानों को 61 हजार 137 मीट्रिक टन खाद वितरण किया जा चुका है। समितियों में 14 हजार 291 मीट्रिक टन डीएपी खाद शेष है। डीएपी खाद की कमी के कारण एनपीके का लक्ष्य बढ़कर 3 लाख 16 हजार मीट्रिक टन हो गया है। लक्ष्य के विरूद्ध 93 हजार 467 मीट्रिक टन एनपीके का भण्डारण किया जाकर किसानों को 74 हजार 545 मीट्रिक टन एनपीके खाद का वितरण किया जा चुका है। समितियों में 18 हजार 922 मीट्रिक टन एनपीके शेष है। ज्यादा से ज्यादा एनपीके के सप्लाई के लिए कंपनियों के साथ निरंतर समन्वय किया जा रहा है।

### इतनी मात्रा में खाद का भंडारण

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि खरीफ सीजन के लिए मांग के अनुरूप यूरिया का लक्ष्य 4.54 लाख मीट्रिक टन है। लक्ष्य के विरूद्ध 2.88 लाख मीट्रिक टन का भण्डारण कर 1.91 लाख मीट्रिक टन यूरिया का वितरण किसानों को किया जा चुका है, इसी प्रकार एमओपी का लक्ष्य 46 हजार 360 मीट्रिक टन है। लक्ष्य के विरूद्ध 55 हजार 611 मीट्रिक टन एमओपी का भण्डारण कर किसानों को 29 हजार 851 मीट्रिक टन एमओपी का वितरण किया जा चुका है। इसी प्रकार एसएसपी का लक्ष्य 1.76 लाख मीट्रिक टन निर्धारित है। लक्ष्य के विरूद्ध 1.28 लाख मीट्रिक भण्डारण कर किसानों को 65 हजार 878 मीट्रिक टन एसएसपी का वितरण किया जा चुका है।

## खबर संक्षेप



### डिप्टी कमिश्नर हालदार कल होंगे सेवानिवृत्त

रायपुर। नगर निगम उपायुक्त एके हालदार 30 जून को सेवानिवृत्त होंगे। सेवानिवृत्ति के पूर्व महात्मा गांधी सदन में उनका सम्मान किया गया। नगर निगम के सेवानिवृत्त स्वास्थ्य अधिकारी विजय पाण्डेय, नगर निगम अपर आयुक्त स्वास्थ्य विनोद पाण्डेय ने सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारियों और स्वच्छता निरीक्षकों सहित उनके नगर निगम में दी गयी सेवाओं की सराहना की । इस मौके पर एके हालदार को छतरी, बुके और स्मृतिचिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

### वेतन विसंगति, सीएम से पर्यवेक्षक संघ की प्रांतीय अध्यक्ष ऋतु ने की मुलाकात

रायपुर। महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यरत पर्यवेक्षकों की पिछले 30 वर्षों से लंबित वेतन विसंगतियों के मसले को लेकर



पर्यवेक्षक संघ की प्रांतीय अध्यक्ष ऋतु परिहार ने मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात की। ऋतु परिहार ने दोनों नेताओं को पर्यवेक्षकों की वर्षों पुरानी वेतन विसंगतियों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस पर मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें आश्वस्त किया कि जल्द ही इस मसले का समाधान किया जाएगा।

### सरकार की बदहाल पीडीएस व्यवस्था से जनता त्रस्तः साहू

रायपुर। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू का कहना है कि प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन कार्डधारियों को तीन महीने का एकमुश्त चावल बांटने की योजना में अव्यवस्था देखने को मिल रही है। बिना किसी पूर्व तैयारी के 30 जून तक तीन महीने का एकमुश्त चावल देने का निर्णय ले लिया गया है, जबकि प्रदेश की 13 हजार से अधिक राशन दुकानों में चावल रखने के लिए गोदाम नहीं है। वहीं उचित मूल्य की दुकानों में चावल लेने हितग्राहियों की भीड़ भी उमड़ रही है। जून महीने का तीसरा सप्ताह गुजर जाने के बाद भी केवल 40 प्रतिशत चावल बांटा जा सका है, उसमें भी अधिकांश कार्डधारियों को तीन महीने के बदले एक-दो महीने का ही चावल वितरण हुआ है।

## देश के बाहर पहली बार भारत ने कोलंबो डॉकयार्ड की 51 फीसदी हिस्सेदारी ली



रायपुर। केंद्र सरकार के रक्षा मंत्रालय ने पहली बार देश के बाहर श्रीलंका के कोलंबो के डॉकयार्ड की 51 फीसदी हिस्सेदारी ले ली है। मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड भारत का प्रमुख रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र का शिपयार्ड है, उसके स्वतंत्र डायरेक्टर छत्तीसगढ़ के भाजपा नेता और अपैक्स बैंक के अध्यक्ष केदार नाथ गुप्ता ने बताया, इसके पहले 51 फीसदी हिस्सेदारी जापान के पास थी। अब यह हिस्सेदारी भारत के पास हो गई है। श्री गुप्ता ने बताया, मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड, जिसका मुख्यालय मुंबई में है, भारत का अग्रणी युद्धपोत और पनडुब्बी निर्माता है और देश के नौसेना आधुनिकीकरण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कोलंबो डॉकयार्ड पीएलसी, जो कोलंबो स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध है, श्रीलंका के समुद्री उद्योग का प्रमुख संस्थान है और एशिया, मध्य पूर्व और अफ्रीका के विभिन्न व्यावसायिक और सरकारी ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करता है। यह अधिग्रहण भारत के मैरिटाइम अमृत काल विजन 2047' के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य भारत को एक अग्रणी समुद्री शक्ति के रूप में स्थापित करना, क्षेत्रीय एकीकरण को मजबूत करना और औद्योगिक क्षमताओं को विकसित करना है। यह एमडीएल के उस व्यापक दृष्टिकोण का भी हिस्सा है, जिसमें समुद्री आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना, क्षेत्रीय सहयोग को प्रोत्साहित करना और भारतीय विशेषज्ञता से सुसज्जित, प्रतिस्पर्धी, बहु-स्थान शिपबिल्डिंग उद्यम का निर्माण करना शामिल है।

**बोर्ड ने दी मंजूरी** : श्री गुप्ता ने बताया, मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड भारत का प्रमुख रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र का शिपयार्ड, अपने रणनीतिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए श्रीलंका के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित शिपयार्ड कोलंबो डॉकयार्ड पीएलसी में नियंत्रण हिस्सेदारी के प्रस्तावित अधिग्रहण को बोर्ड ने मंजूरी देने की घोषणा की है। यह निवेश जिसकी अनुमानित राशि 52.96 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक है, प्राथमिक निवेश और द्वितीयक शेयर खरीद के संयोजन के माध्यम से किया जाएगा, जिसमें वर्तमान बहुलांश शेयरधारक ओनोमिची डॉकयार्ड कंपनी लिमिटेड से शेयरों का अधिग्रहण भी शामिल है। सभी नियामकीय अनुमतियों और अन्य शर्तों के पूरा होने के बाद, कोलंबो का डॉकयार्ड भी एमडीएल की सहायक कंपनी बन जाएगी।

## कांग्रेस संगठन को मजबूत करने बन रही रणनीति सक्रिय कार्यकर्ताओं को दी जाएगी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस संगठन को मजबूत करने एआईसीसी काम कर रही है, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट की मैराथन बैठक के बाद संगठन को मजबूत करने के लिए नए सिरे से रणनीति तैयार की जा रही है। संगठन में सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देने की तैयारी है। एआईसीसी ने इस वर्ष को संगठन की मजबूती का वर्ष घोषित किया है। प्रदेश प्रभारियों को अपने प्रभार क्षेत्र में संगठन की मजबूती के लिए कार्य करना होगा।

जिला और ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों की रिपोर्ट पर अब पीसीसी में भी हर माह समीक्षा होगी। संगठन हर माह कामकाज और रिपोर्ट पर चर्चा करेगा। प्रदेश स्तरीय समीक्षा हर माह 25 से 30 तारीख के बीच होगी। संगठन में पद लेकर घर बैठने वाले निष्क्रिय पदाधिकारी बाहर किए जाएंगे। उनके स्थान पर संगठन में नए चेहरों को मौका मिलेगा। संगठन में सक्रिय कार्यकर्ता भी जिला अध्यक्ष पद के दावेदार हैं। पिछले दिनों हुई मैराथन बैठक के बाद यह कहा जा रहा है कि अब सभी पदाधिकारियों को संगठन के कार्यो के लिउ टारगेट दिया जाएगा। उसके आधार पर समीक्षा की जाएगी।



### पदाधिकारियों को जन सभा की जिम्मेदारी

7 जुलाई को किसान-जवान-संविधान सभा का आयोजन किया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने इसके लिए सभी नेताओं को भीड़ जुटाने के लिए अलग-अलग जिम्मेदारी दी है। विभिन्न संगठनों के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भी शामिल हैं। बारिश और खेती-किसानी का समय होने की वजह से कांग्रेस के सामने भीड़ जुटाने की बड़ी चुनौती होगी। यही वजह है कि भीड़ के आधार पर हर नेता का जनाधार भी तय होगा। संगठन विस्तार में भी इसका असर दिखाई देगा।

### चरम पर गुटबाजी

कांग्रेस में शुरू से गुटबाजी हावी रही है। सत्ता में आने के बाद अब गुटबाजी चरम पर पहुंच गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की बैठक और बयानबाजी में यह बात साफ दिखाई देती है। संगठन के विस्तार पर भी इसका असर पड़ रहा है। हालांकि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने बैठक के बाद ऐसे मामलों को देखने की बात कही है। सभी जिला अध्यक्षों को आपसी समन्वय बनाकर पार्टी के लिए कार्य करने की नसीहत दी गई है।

## कांग्रेस कमेटी ने खड़गे की जनसभा के लिए शुरू की तैयारी

# किसान-जवान-संविधान जनसभा को लेकर बनाए गए जिला प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस की 7 जुलाई को होने वाली किसान-जवान-संविधान जन सभा को लेकर कमेटी ने अपने 34 संगठन जिलों के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अगआई में होने वाली जन सभा में जिला प्रभारियों को अधिक से अधिक लोगों को लाने की जवाबदारी दी गई है।

बताया गया है कि जिले के प्रभारियों को कहा गया है कि वे अपने प्रभार वाले जिलों का दौरा कर जिला, ब्लॉक, मोर्चा संगठन, प्रकोष्ठ पदाधिकारियों, पूर्व विधायकों की बैठक लेकर 7




जुलाई कोउन्हें सभा के लिए अधिक से अधिक लोगों को लाने की जिम्मेदारी दें। जन सभा को सफल बनाने के लिए कांग्रेस में प्रदेश स्तर पर बैठकों को दौर शुरू हो गया है। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कांग्रेस पदाधिकारियों को निर्देशित किया है। सभा में सभी जिलों से लाखों की भीड़ लाने का लक्ष्य रखा गया है।

### इन पर भीड़ जुटाने की जिम्मेदारी

जिला कार्यक्रम प्रभारी के लिए रायपुर जिला एवं ग्रामीण में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, बलौदाबाजार में मोहम्मद अकबर, दुर्ग शहर एवं ग्रामीण में रविंद्र चौबे, राजनांदगांव शहर और ग्रामीण में डॉ. शिव डहरिया, बिलासपुर शहर एवं ग्रामीण में उमेश पटेल और कोरबा शहर एवं ग्रमीण के लिए अमरजीत भगत, भिलाई से रूद्र कुमार गुरू सहित कई अन्य नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है।


शोक संदेश



स्व. श्री अशोक गोयल

स्व. श्री अशोक गोयल (जन्म : 29 जून 1959) का बैकुंठवास मंगलवार दिनाँक 17 जून 2025 को हो गया है,

पगड़ी एवं श्रद्धांजली सभा

दिनाँक: 29 जून 2025 दिन रविवार, समय:- सायं 4.00 बजे,
स्थान:- अग्रसेन धाम, छोकरा नाला, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.)
(नोट: महिलाओं की बैठक भी इसी स्थान पर रखी गई है)

शोकाकुल परिजन

भाई - रमेश गोयल, विरेन्द्र गोयल, सुरेंद्र गोयल, संजय गोयल
पुत्र- औम गोयल, भतीजे - विक्रम गोयल, सिद्धार्थ गोयल, मनीष गोयल, स्पर्श गोयल,हर्ष गोयल एवं समस्त गोयल परिवार

नाकोड़ा ग्रुप

## निधन



### मीना ठाकरे

रायपुर। गोल चौक डीडीनगर साईं मंदिर के पास निवासी मीना ठाकरे का 28 जून को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 29 जून को दोपहर 3 बजे उनके निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे मधुकर ठाकरे की पत्नी और विनय, राखी ठाकरे की माता थीं।



### शशिबेन शाह

रायपुर। वसुंधरा सदन न्यू राजेंद्र नगर निवासी शशिबेन शाह (68) का 28 जून को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 29 जून को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे भूपत शाह की पत्नी थीं।



### अमित बैद

रायपुर। हनुमान नगर रायपुर निवासी अमित बैद का 27 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे छगललाल बैद के पुत्र और नीरज, रोहित, राहुल, ऋषभ बैद के भाई थे।



### पार्वती गुप्ता

रायपुर। रायपुर निवासी पार्वती गुप्ता का 28 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे प्रफुल्ल गुप्ता की धर्मपत्नी और प्रशांत गुप्ता एवं ज्योति गुप्ता की माता थीं।



### इशिता अठवानी

रायपुर। शिव मंदिर न्यू राजेंद्र नगर दीपक कॉलोनी निवासी इशिता अठवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 जून को न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे रिंकू अठवानी की पत्नी थीं।

# सावन में बाबा धाम के लिए मिलेगी कन्फर्म बर्थ, आठ फेरे के लिए चलेगी श्रावणी स्पेशल

## गोंदिया-मधुपुर मध्य आठ फेरे के लिए 11 जुलाई से परिचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सावन में बाबा धाम जाने वाले यात्रियों को कन्फर्म बर्थ के साथ यात्रा की सुविधा मिलेगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे गोंदिया से मधुपुर के बीच श्रावणी स्पेशल ट्रेन चला रहा है। आठ फेरे के लिए चलने वाली यह ट्रेन 11 जुलाई को गोंदिया से छूटेगी। यह ट्रेन 08855/08856 नंबर के प्रत्येक शुक्रवार व सोमवार को गोंदिया से रवाना होगी। इस ट्रेन की सुविधा 11 जुलाई से चार अगस्त तक मिलेगी।

इसी तरह विपरीत दिशा में ट्रेन 12 जुलाई से पांच अगस्त तक प्रत्येक शनिवार एवं मंगलवार को मधुपुर से छूटा करेगी। इस ट्रेन का लाभ अधिक से अधिक यात्रियों को मिल सके, इसलिए रेलवे ने डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, तिल्दा, भाटापारा, बिल्हा, बिलासपुर, अकलतरा, नैला, चांपा, बाराद्वार, सक्ती, खरसिया, रायगढ़, बेलपहाड़, ब्रजराजनगर स्टेशन में ठहराव देने का निर्णय लिया है। एक-दो दिनों के भीतर इस ट्रेन में रिजर्वेशन की सुविधा भी मिलने लगेगी। पहले से रिजर्वेशन शुरू होने से यात्री बर्थ आरक्षित करा सकते हैं।

### स्पेशल ट्रेन का परिचालन समय

गोंदिया-मधुपुर श्रावणी स्पेशल ट्रेन गोंदिया से 12.30 बजे रवाना होकर डोंगरगढ़ 13:28 बजे, राजनांदगांव 13:52 बजे, दुर्ग 14:40 बजे, रायपुर 15:30 बजे, तिल्दा-नेवरा 16:08 बजे, भाटापारा 16:30 बजे, बिल्हा 17:00 बजे और बिलासपुर 17:35 बजे पहुंचकर 17:45 बजे रवाना होगी और अकलतरा 18:10 बजे, नैला 18:26 बजे व चांपा, बाराद्वार, सक्ती, खरसिया, रायगढ़, बेलपहाड़, ब्रजराजनगर, झारसुगुड़ा, राऊरकेला, चक्रधरपुर, टाटानगर, खड़गपुर, आन्दुल, डानकुनि, बर्द्धमान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन होते हुए 12:30 बजे मधुपुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी तरह वापसी में मधुपुर से 14:30 बजे रवाना होगी। दूसरे दिन टाटानगर व बिलासपुर 10:35 बजे पहुंचेगी। गोंदिया पहुंचने का समय 17:00 बजे निर्धारित किया गया है। इस स्पेशल ट्रेन में 18 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी।



### एक अक्टूबर तक चलेगी ये स्पेशल ट्रेन

रेल यात्रिओं को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने दुर्ग-हटिया के मध्य चल रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार किया है। 27 जून तक चलने वाली इस ट्रेन के परिचालन में 27 फेरों के लिए विस्तार हुआ है। इसके तहत अब यह ट्रेन एक अक्टूबर तक चलेगी।

# रोहिणीपुरम गोल चौक पर अवैध निर्माण हटाने गरजा तोड़ूदस्ता

## हीरापुर जरवाय में 60 एकड़ में अवैध प्लाटिंग पर लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- अनुमति विरुद्ध किए जा रहे निर्माण पर लगाई रोक

नगर निगम का तोड़ूदस्ता अवैध निर्माण हटाने शनिवार को जमकर गरजा। जोन 8 क्षेत्र स्थित हीरापुर-जरवाय में जोन 8 की टीम ने 60 एकड़ जमीन पर हो रही अवैध प्लाटिंग को जेसीबी और पोकलेन मशीन से तोड़ गिराया। वहीं अवैध प्लाटिंग कर्ता डेवलपर्स के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने नामजद एफआईआर दर्ज करवाने संबंधित थाना क्षेत्र में पत्र लिखा गया है। इसी तरह जोन 5 क्षेत्र के रोहिणीपुरम गोल चौक पर अवैध निर्माण हटाने कार्रवाई की गयी।

जोन 8 नगर निवेश विभाग ने शनिवार को अवैध प्लाटिंग करने पर डेवलपर्स के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। हीरापुर-जरवाय क्षेत्र के अंतर्गत वाशु लॉजिस्टिक पार्क मेसर्स सीके डेवलपर्स स्वप्निल अग्रवाल द्वारा निगम से बिना कालोनी विकास अनुज्ञा लिए तथा कालोनी विकास की अनुमति लिए बिना करीब 60 एकड़ भूमि पर अलग-अलग खसरा नंबर पर अवैध प्लाटिंग की गयी थी। इस पर एक्शन लेते हुए जोन 8 के नगर निवेश विभाग की टीम ने जेसीबी मशीन और पोकलेन मशीन की सहायता से अवैध सीसी रोड को तोड़ने की कार्रवाई की।

इसी तरह अवैध मुरुम रोड को काटा गया। बिना अनुमति के निर्मित 10 बाउंड्रीवाल सहित अवैध प्लाटिंग कर बना रहे अवैध भवनों को तोड़ गिराया। निगम आयुक्त विश्वदीप, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उम्मेद सिंह के निर्देश पर जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल, कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता सहित नगर निवेश व विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में यह अभियान चलाया गया।



### गोल चौक पर अवैध निर्माण किया ध्वस्त

अवैध निर्माण के खिलाफ दूसरी कार्रवाई नगर निगम जोन 5 की टीम ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के रोहिणीपुरम गोल चौक पर की। इसमें सेवकराम पांडे द्वारा किये गये अवैध निर्माण को हटाया गया। इसी तरह ज्ञानेंद्र बघेल द्वारा अनुमति विपरीत किये जा रहे निर्माण पर रोक लगाते हुए फ्रंट एमओएस में किये जा रहे कॉलम निर्माण को तोड़ गिराया। इसके साथ ही रोहिणीपुरम गोल चौक मुख्य मार्ग पर ठेला, गुमटी और भवन निर्माण सामग्री को हटाकर सुगम आवागमन का मार्ग प्रशस्त किया। जोन कमिश्नर खीरसागर नायक, कार्यपालन अभियंता लाल महेंद्र प्रताप सिंह सहित सहायक अभियंता नागेश्वर राव रामटेके की उपस्थिति में यह अभियान चलाया गया।

# गांव में दहशत फैलाने वाले आदतन अपराधी को पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से पकड़ा, निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कान पकड़कर उठक-बैठक कराई, दूर किया खौफ

राजधानी रायपुर के मंदिर हसौद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तुलसी के लोगों को डरा-धमका कर दहशत फैलाने वाले आदतन अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसका गांव में न केवल जुलूस निकाला, बल्कि गांव वालों के सामने कान पकड़कर उसे उठक-बैठक कराकर लोगों से उसका खौफ भी दूर किया।

पुलिस के अनुसार आरोपी दिग्गी उर्फ दिगेंद्र धीवर आदतन अपराधी प्रवृत्ति का है। उसके खिलाफ गांव वालों ने शिकायत की थी कि वह गांव के लोगों को चाकू, छुरी दिखाकर डरा-धमका कर उनसे पैसों की उगाही करता है। इस शिकायत पर पुलिस ने शनिवार को दिग्गी को गिरफ्तार किया।



पुलिस की जांच में पता चला कि आरोपी के विरुद्ध मंदिर हसौद सहित अन्य कई थानों में भी प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी का डर खत्म करने के लिए गिरफ्तारी के बाद उसका गांव में जुलूस निकाला। इस दौरान आरोपी से उठक-बैठक भी कराई गई।

### डरा-धमकाकर करता था वसूली

इधर ग्राम तुलसी के सरपंच सुरेश कुमार धीवर ने बताया कि दिग्गी के आतंक से पूरा गांव परेशान था। गांव का हर परिवार चाहता था कि उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन कोई साहस नहीं कर पा रहा था, जिससे उसका आतंक बढ़ता जा रहा था और आधी रात को भी वह गांव के लोगों को रोककर डरा-धमका कर उनसे वसूली करने लगा था। इसके बाद गांव के सभी लोगों ने एक राय होकर उसके विरुद्ध न केवल थाने में शिकायत की, बल्कि उसे पकड़वाने में पुलिस का सहयोग भी किया। इसमें उप सरपंच टामेश बघेल, सरपंच प्रतिनिधि, पंच राजू बैधनाथ धीवर, पुलिस मितान के सदस्य, गांव की महिलाएं, महिला समूह, समस्त पंचगण भी शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी को गांव के शीतला चौक से रावण भाठा बाजार चौक तक हथकड़ी लगाकर ग्रामवाशियों की उपस्थिति में जुलूस निकाला। इसके बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

## पेज 13 के शेष ...

### परिंदों का दाना...

अभय पाण्डेय के अनुसार पक्षियों के लिए जहां खुले में बड़े से बाड़े के साथ नेट लगाए गए हैं, वहां घने पेड़ होने के साथ ही जमीन मिट्टी वाली है। इस वजह से चूहों ने मिट्टी खोदकर बिल बना लिए हैं। उसी बिल से निकलकर चूहे पक्षियों के लिए पॉट में रखा दाना खाने के लालच में आते हैं। अफसर के अनुसार चूहों ने अब तक किसी पक्षी को नुकसान नहीं पहुंचाया है।

### फोम फैक्ट्री में...

50 मीटर दूर से आग की गर्मी का अहसास कर रहे थे। मजदूरों ने पुलिस को बताया कि वो शाम के समय काम कर रहे थे। इसी दौरान मजदूरों को फैक्ट्री के एक कोने से आग की लपटें उठती दिखीं। आग की लपटें उठती देख मजदूर दहशत में आ गए और आनन-फानन में जान बचाने फैक्ट्री के अंदर से बाहर निकले। **छह एकड़ में फैली हुई है फैक्ट्री** : पुलिस अनुसार बाघ इंडस्ट्री के नाम से फोम फैक्ट्री है। फैक्ट्री का मालिक मुकेश अग्रवाल है। फैक्ट्री छह एकड़ में फैली हुई है। फैक्ट्री में शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। **इस वजह से बाहर नहीं निकल पाया** : पूछताछ में मजदूरों ने बताया कि फैक्ट्री में जब आग लगी, तब त्रिलोचन फैक्ट्री के अंदरूनी हिस्से में काम कर रहा था। इस वजह से उसे फैक्ट्री में आग लगने की जानकारी नहीं मिल पाई और वह अंदर ही फंसा रहा। फैक्ट्री के पूरी तरह से आग की चपेट में आने पर त्रिलोचन को फैक्ट्री में आग लगने की जानकारी मिली। तब तक काफी देर हो चुकी थी और आग की चपेट में आने से मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। **पांच घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू** : फायर ब्रिगेड के कर्मियों के अनुसार उन्हें फैक्ट्री में आग लगने की सूचना शाम साढ़े सात बजे मिली। आग की सूचना मिलने के साथ ही नवा रायपुर के फायर ब्रिगेड से एक गाड़ी रवाना की गई। नवा रायपुर तथा रायपुर से फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचने से पहले फैक्ट्री प्रबंधन एक निजी उद्योग से फायर ब्रिगेड की गाड़ी बुलाकर आग पर काबू पाने कोशिश में जुटा था। आग पर काबू पाने के साथ कूलिंग करने में पांच घंटे लगे।

### आटोमैटिक हुई रायपुर...

से लागू भी कर दिया है। इस सिस्टम से पार्किंग एंट्री पर स्वचालित सिस्टम से पर्ची निकलेगी, जिसे सभी वाहन चालक स्वयं ले सकेंगे। एंट्री पर लगे सिस्टम की सहायता से वाहन का नंबर और एंट्री का समय पर्ची पर स्वतः अंकित होगा और पर्ची लेने के बाद पार्किंग एंट्री पर लगा बेरियर खुल जाएगा।

### रेलवे के नए...

सकेंगे। रेलवे द्वारा महिला यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न स्तरों पर कई कदम उठाए जा रहे हैं। इसके तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एआई आधारित निगरानी प्रणाली के माध्यम से संदिग्ध गतिविधियों की पहचान और रोकथाम पर भी कार्य किया जा रहा है। **अपराध पर नियंत्रण के लिए लिया गया फैसला** : रेलवे के कार्यकारी निदेशक (सूचना) दिलीप कुमार ने बताया कि ट्रेन सफर के दौरान अपराध नियंत्रण के लिए एकीकृत रणनीति बनाई गई है। हाल की समीक्षा में पाया गया कि 'रेल मदद' के माध्यम से खुफिया सूचनाओं में तेजी आई है।

कार्यालय रा.नि.मं. - सेरीखेडी
तहसील व जिला - रायपुर

:: आम सूचना ::

दिनांक 16/06/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोपीनाथ अग्रवाल पिता स्व. श्री सूर्य कुमार अग्रवाल निवासी पुरानी बस्ती द्वारा आवेदित ग्राम धरमपुरा प.ह.नं.- 78 राजस्व निरीक्षक मण्डल- सेरीखेडी स्थित भूमि खसरा नंबर 252/34 रकबा 0.1030 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय नायब/अतिरिक्त तहसीलदार/तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 05/05/2025 के परिपालन में दिनांक 07/07/2025 को समय अपरान्ह 12 बजे पश्चात किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत दिनांक/समय में हल्का पटवारी हल्का नंबर 78 के धरमपुरा स्थित कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा / आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. सेरीखेडी

कार्यालय रा.नि.मं.-रायपुर-08 शंकरनगर,
तहसील-रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.)

:: आम सूचना ::

जारी दिनांक 28.06.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक डॉ. ज्योति रावलानी पिता डॉ. प्रकाश रावलानी वगै. निवासी कटोरा तालाब रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम शंकरनगर प.ह.नं.-63 राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर 08 (शंकरनगर) स्थित भूमि खसरा नंबर 1141/49 रकबा क्रमशः 0.1860 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 12/06/2025 के परिपालन में दिनांक 07/07/2025 को समय अपरान्ह 12:30 बजे गठित दल द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी हल्का नंबर 63 के खम्हारडीह स्थित पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा/ आपत्ति पर गठित दल द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं.-रायपुर 8 (शंकरनगर)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-13
भाठागांव तह./जिला-रायपुर छ.ग.

// आम सूचना //

जारी दिनांक 24/06/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दशरथ साहू पति दाऊ निवासी घनश्याम चौक भाठापारा द्वारा आवेदित ग्राम भाठागांव प.ह.नं. 60 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-13 स्थित भूमि खसरा नंबर 510/5 रकबा 0.010 हेक्टेयर कुल खसरा क्रमांक 510/5 रकबा 0.010 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 06/06/2025 के परिपालन में दिनांक 30/06/2025 को समय अपरान्ह 11.00 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा /आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथि में हल्का पटवारी हल्का नंबर 60 के भाठागांव स्थित पटवारी /राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैद्य अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके उपरांत किसी दावा /आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर 13, भाठागांव

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-18,
तहसील व जिला रायपुर छत्तीसगढ़

:: आम सूचना ::

जारी दिनांक 20/06/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम-कान्दुल प.ह.न.-83 रा.नि.मं.-रायपुर-18 तहसील व जिला- रायपुर छ.ग. में आवेदिका **श्रीमती पुष्पा आहूजा पति स्व. जय कुमार आहूजा निवासी मकान नंबर, एच. आई.जी.सी.-23 मेन रोड पानी टंकी के पास शैलेन्द्र नगर रायपुर छ.ग.** द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर **104/5** रकबा **0.2050** हे., **104/6** रकबा **0.1390** हे. भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र.- / / वाचक/अति.तहसीलदार/2024 रायपुर दिनांकः- **26/05/2025** के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांकः- **07/07/2025** को किया जाना नियत है । अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/ आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/ आपत्ति मान्य नहीं होगी । सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-18

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-18,
तहसील व जिला रायपुर छत्तीसगढ़

:: आम सूचना ::

जारी दिनांक 20/06/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम कान्दुल प.ह.न.-83 रा.नि.मं.-रायपुर-18 तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. में आवेदक **लक्ष्मी नारायण प्रजापति पिता किशन लाल प्रजापति निवासी डॉ पटेल हाउस के पिछे न्यू शांति नगर, शंकर नगर रायपुर छ.ग.** द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर **280/4** रकबा **0.0836** हे. भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र.- / / वाचक / अति.तहसीलदार/2025 रायपुर दिनांकः- **16/06/2025** के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांकः- **07/07/2025** को किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/ आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/ आपत्ति मान्य नहीं होगी । सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर -18

HEALTH TOWN

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953 एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

प्रथम पुण्यतिथि
भावपूर्ण श्रद्धांजलि



स्व. श्री चोवाराम वर्मा जी

हम सब आपके प्रथम पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते है।
आपका स्नेह, आदर्श, मार्गदर्शन एवं मधुर स्मृतियाँ आशीर्वाद के रूप में
सदैव हमारे लिए प्रेरणादायक रहेंगी।
॥ ॐ शान्ति ॥
आपको सूचित कर रहे हैं कि मेरे पूज्य पति स्व. श्री चोवाराम वर्मा जी
(पूर्व केन्द्रीय अध्यक्ष, छ.ग.मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज, समाज सेवी एवं वरिष्ठ कांग्रेसी)
का प्रथम पुण्यतिथि (वार्षिक श्राद्ध)(बरसी) का कार्यक्रम रखा गया है।
अतः सादर अनुरोध है कि इस कार्यक्रम में सपरिवार सम्मिलित होकर
पुण्य आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करें।

कार्यक्रम
आषाढ़ शुक्ल पक्ष - चतुर्थी, दिनांक - 29 जून 2025, रविवार
समय : अपरान्ह 12 बजे से....
कार्यक्रम स्थल - राधाकृष्ण मंगलम भवन जरौदा (तर्रा), रायपुर (छ.ग.)

· विनीत ·
श्रीमती कुन्ती वर्मा (पत्नी)
रामनारायण वर्मा (भाई), चंद्रकांत वर्मा (राजू-पुत्र), धीरेन्द्र वर्मा (पप्पू-पुत्र)
धनंजय वर्मा (गोलू-पुत्र), ज्योति वर्मा (पुत्री)
मो.: 9826640005, 9826650004, 9109935750

टीप : ग्राम जरौदा, रायपुर-बलौदाबाजार मार्ग पर रायपुर से 20 कि.मी. की दूरी पर स्थित है।


17
बारिश में वॉटर हार्वेस्टिंग से सालाना ....

## एजूकेशन अलर्ट

### ऑनलाइन आरटीई के माध्यम से द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया 1 जुलाई से




**रायपुर।** ऑनलाइन आरटीई पोर्टल के माध्यम से निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए प्रवेश की कार्यवाही के संबंध में समय-सारिणी जारी कर दी गई है। संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ अटलनगर द्वारा उक्ताशय का आदेश राज्य के सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारियों को प्रेषित किए गए हैं। जारी कार्यक्रम के अनुसार नवीन स्कूल पंजीयन, दर्ज संख्या प्रविष्टि एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापन व सीटों का वास्तविक प्रकटीकरण 18 जून से 30 जून तक किया जाएगा। छात्र पंजीयन (आवेदन) 1 जुलाई से 12 जुलाई तक तथा नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जांच एवं आवेदक को त्रुटि सुधार हेतु अवगत कराने के लिए 2 जुलाई से 19 जुलाई तक की तिथि निर्धारित की गई है।

#### लॉटरी से स्कूलों का आवंटन 22 से 23 जुलाई तक

इसी प्रकार लॉटरी के माध्यम से स्कूलों का आवंटन 22 जुलाई से 23 जुलाई तक एवं स्कूल में दाखिला की प्रक्रिया हेतु 25 जुलाई से 31 जुलाई तक की तिथि निर्धारित की गई है। लोक शिक्षण संचालनालय के अधिकारियों ने बताया कि निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत वर्ष 2025-26 हेतु प्रदेश में संचालित निजी विद्यालयों में आरटीई पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन/भर्ती की कार्यवाही की जानी है। पूर्व में भी प्रवेश की प्रक्रिया एवं ऑनलाइन पद्धति के संबंध में विस्तृत निर्देश जारी किए जा चुके हैं।

छत्तीसगढ़ बैटर ऑफ इंडियन सोसाइटी ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी की पहल, एक्सपर्ट ने साझा किए अनुभव

# मांसाहार-नशे के बढ़ते चलन से वजन में इजाफा, पेट-लिवर में इंफेक्शन का खतरा

''छत्तीसगढ़ बैटर ऑफ इंडियन सोसाइटी ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी ने पेट और लिवर रोगियों के बचाव को बेहतर उपचार से जोड़ने के लिए देश के 150 रोग विशेषज्ञों को अनुभव साझा करने का अवसर देने के लिए पहल की। होटल मे-फेयर रिसॉर्ट में दो दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस का आगाज आयोजक डॉ. संदीप पांडे और सेक्रेटरी डॉ. मनोज लाहोटी की अगवानी में हुआ। पहले दिन एक्सपर्ट ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि मीट और नशे के बढ़ते चलन से वजन बढ़ने की समस्या है। इनमें इंफेक्शन बढ़ने पर पेशेंट के लिए खतरा बढ़ रहा है।''






**रायपुर।** नेशनल कांफ्रेंस में पहले दिन इसका हिस्सा बनने के लिए डॉक्टर्स समेत शोधार्थी भी शामिल हुए। इनके बीच शनिवार को देश के अलग-अलग शहरों से आए 150 पेट रोग विशेषज्ञों के बीच अनुभव साझा करने का दौर चला। लगभग सभी ने पेट, लिवर एवं पैंक्रियास की बीमारियों के शोध और नवीनतम गाइडलाइंस को समझाने का प्रयास किया। इसके बीच डॉ. धर्मेश कपूर ने कहा कि पहले की अपेक्षा अब पेट और लिवर से जुड़ी समस्याएं ज्यादा देखने को मिल रही हैं। उपचार के मामले में पहले से बेहतर दवाएं और संसाधन मिल रहे हैं। इसके बाद भी लोगों की असंतुलित जीवनशैली के चलते मोटापा और वजन बढ़ने से यकृत रोग, विशेष रूप से गैर-अल्कोहल फैटी लिवर का खतरा बढ़ने के बाद लोग डॉक्टर के पास आते हैं।

### पेशेंट को दें दिनचर्या का पालन करने की सलाह

डाक्टर्स ने बताया कि इंफेक्शन से जुड़ी समस्या का इलाज करने से पहले तय करें कि संबंधित व्यक्ति अल्कोहल या अन्य किसी नशे का आदी तो नहीं है। सामान्य पेशेंट की समस्या को कुछ हद तक दवाओं से कंट्रोल किया जा सकता है, लेकिन अल्कोहल या मोटापे से पेट की तकलीफ होने पर ऐसे पेशेंट का इलाज शुरू करने के साथ ही दिनचर्या का पालन करने की सलाह जरूर दें। नियमित शारीरिक गतिविधि, जैसे पैदल चलना, तैरना या साइकिल चलाना, स्वस्थ वजन बनाए रखने में मदद करता है। चयापचय में सुधार करता है और यकृत में वसा के निर्माण को भी कम करता है।

### हेपेटाइटिस-बी का टीका भी एक विकल्प




मुंबई से आईं डॉ. शोभना भाटिया ने बताया, आहार नली से जुड़ी दिक्कतों को किस तरह से दूर किया जा सकता है। आहार नली में किसी तरह की दिक्कत आने से इंफेक्शन का खतरा बढ़ने लगता है। अभी आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल बढ़ने से इलाज की सुविधा बढ़ी है। बचाव के लिए हेपेटाइटिस-बी का टीका भी एक विकल्प है, इसे लोगों को लगवाने के लिए सजग करें। यह वायरल संक्रमण है, जो रक्त व शारीरिक तरल पदार्थों के जरिए भी फैलता है। हेपेटाइटिस-बी का टीका लिवर को नुकसान पहुंचाने वाले वायरस को रोकने में मदद करता है। इसके साथ संयमित जीवनशैली जरूरी है।

### सम्मेलन का उद्देश्य चिकित्सा बेहतर करना

डॉक्टर्स के बीच डॉ. संदीप पांडे और सेक्रेटरी डॉ. मनोज लाहोटी ने कि कहा, अंचल की जनता के लिहाज से आज का दिन ऐतिहासिक है, जिसमें देशभर के 150 से अधिक डॉक्टर्स शिरकत कर रहे हैं। साथ ही अपने अनुभव साझा करते हुए किस तरह से लोगों की सुविधा के लिए इलाज को नई तकनीक से जोड़ते हुए और बेहतर कर सकते हैं। इसको लेकर छत्तीसगढ़ को इस बार राष्ट्रीय स्तर की मेजबानी का मौका मिला है। यह युवा डॉक्टर्स एवं पीजी विद्यार्थी के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस सम्मेलन का उद्देश्य प्रदेश की चिकित्सा को बेहतर करना है।

### आज एक्सपर्ट के बीच होगी 2040 पर चर्चा

इस सम्मलेन में रविवार के सत्र में पद्म विभूषण डॉ नागेश्वर रेड्डी हैदराबाद, डॉ. नरेश भट्ट बेंगलुरु, डॉ. पी. नागाराज राव हैदराबाद, डॉ. अमित मेदेव मुंबई शामिल होंगे। डॉ. मैथ्यू फिलिप कोधी, डॉ. प्रमोद गर्ग न्यू दिल्ली, डॉ. सुब्रत के. आचार्या भुवनेश्वर, डॉ एसके मिश्रा प्रयागराज, डॉ. शोभना भाटिया मुंबई, डॉ. योगेश चावला चंडीगढ़ आदि प्रख्यात चिकित्सक शिरकत करेंगे। इसमें मुख्य आकर्षण पद्म विभूषण नागेश्वर रेड्डी का लेक्चर होगा, जो इस विषय पर केंद्रित है कि 2040 में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी का स्वरूप क्या होगा, अत्याधुनिक उपचार लेवल क्या होगा?

## सिटी इवेंट

### पंचांग सबसे बड़ा डाटा साइंस, एआई तकनीक भविष्य का अच्छा विकल्प




**रायपुर।** आने वाले समय के लिए एआई वरदान है या श्राप, यह उपयोगिता पर निर्भर करेगा। लोग समाज और राष्ट्र के विकास में इसका उपयोग करेंगे तो बेहतर होगा। इससे जीवन को आसान बनाने में सहयोग मिलेगा। इस तरह से यह मानव जीवन के लिए वरदान होगा। भारतीय ज्ञान परंपरा के तहत राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी भविष्य में एआई जैसी तकनीक पर आधारित हो सकती है। पंचांग सबसे बड़ा डाटा साइंस है, संस्कृत के बिना कुछ नहीं हो सकता, जो हमें विरासत में मिला है। उसे लेकर तकनीक का उपयोग करें तो आने वाले समय में भारत के युवाओं का भविष्य भी उज्ज्वल होगा। शनिवार को पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में डिपार्टमेंट ऑफ केमिस्ट्री के एचओडी प्रो. कलोल घोष ने बतौर मुख्य अतिथि उक्त बातें कही।

#### 'शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का समावेश' पर चर्चा

छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन द्वारा संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा कॉलेज के शिक्षा विभाग एवं कंप्यूटर विभाग द्वारा शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का समावेश पर दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। विप्र कॉलेज, शासकीय कॉलेज नवागढ़, महंत लक्ष्मीनारायण कॉलेज के साथ वीतराग रिसर्च फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान इस कांफ्रेंस का शनिवार को समापन किया गया। इसमें अध्यक्षता प्रो. रीता वीणु गोपाल ने की। विशिष्ट अतिथि विप्र शिक्षण समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, नवागढ़ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गिरीशकांत पांडे और महंत कॉलेज के प्राचार्य डॉ. देवाशीष मुखर्जी भी इस दौरान मंचस्थ थे।





#### शोधार्थियों को बांटे प्रमाणपत्र

विप्र कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया कि इसके पूर्व तकनीकी सत्र के वक्ता डॉ. राजेंद्रनाथ बाबू ने एआई लर्निंग पर चर्चा की। दूसरे सत्र में डॉ. पुष्कर दुबे ने नेशनल पॉलिसी 1986 से जुड़ी रोचक जानकारी साझा की। इस अवसर पर पुस्तक का विमोचन हुआ, जिसमें सभी से प्राप्त रिसर्च की प्रोसिडिंग है। शोधपत्र पेश करने वाले प्राध्यापकों और प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिए गए। आभार प्रदर्शन विश्वविद्यालय शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. दिव्या शर्मा ने किया।

### नंदनवन में पक्षियों और वन्यजीवों का बढ़ा आकर्षण

रायपुर। राजधानी स्थित नंदनवन पक्षी विहार बारिश के मौसम में लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। हल्की फुहारों और हरियाली के बीच पक्षियों की चहचहाहट और हिरणों का स्वच्छंद विचरण पर्यटकों को लुभा रहा है। पक्षियों की कई प्रजातियां बारिश में अधिक सक्रिय दिखाई दे रही हैं, जिसे देखने बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंच रहे हैं। परिवार के साथ सुकून और प्रकृति से जुड़ाव के लिए यह स्थल इन दिनों खासा पसंद किया जा रहा है।







### अभिनय करके सिखाई संस्कृत, खेल खेल में जाना विलोम शब्दों का उपयोग

**रायपुर।** बच्चों और युवाओं को संस्कृत बोलने के प्रति प्रोत्सहित करने के लिए दुर्ग आर्य नगर में दस दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का आयोजन किया गया है जहां बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक संस्कृत में बात करना उत्साह के साथ सीख रहे है। इसी कड़ी में शिविर के दौरान प्रतिभागियों को संस्कृत में प्रतिभागियों को अभिनय करके क्रिया और विलोम शब्दों का प्रयोग सिखाया गया। संस्कृत पढ़ने वाले सभी छात्र और प्रशिक्षण देने वालों के साथ संस्कृत में हिंदी जैसे धारा प्रवाह बात कर रहे हैं। ओम परिसर में चल रहे संस्कृत संभाषण शिविर के आठवें दिन डॉ. जैनेंद्र दीवान, डॉ अजय आर्य एवं ईश्वरी देवांगन ने बच्चों से लेकर बुजुर्गो को प्रशिक्षण प्रदान किया। इस दौरान संस्कृत विशेषज्ञों द्वारा हैलो हैलो को मास्तु हरि ओम वदतु।



गुड मॉर्निंग मास्तु सुप्रभातम वदतु और सॉरी सॉरी मास्तु क्षम्यताम् क्षम्यताम् वदतु सहित अनेक वाक्य सिखाएं गए। क्लास के दौरान वर्तमान काल एवं भूतकाल के और संस्कृत में एक से लेकर सौ तक की गिनती भी सीखे। संस्कृत संभाषण शिविर में विशेष रूप से संस्कृत में 1 स100 तक की गिनती सिखाई गई। वाक्य में इसका प्रयोग भी किया गया। संस्कृत संभाषण शिविर में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में प्रोफेसर जैनेंद्र दीवान उपस्थित हैं। उन्होंने अनेक गतिविधियों के माध्यम से डेली रूटीन के वाक्य को संस्कृत में सरल ढंग से सहज रूप से बोलना सिखाया।


थाईलैंड इंटरनेशनल शॉपिंग फेस्टिवल में सात से अधिक देशों ने लगाया स्टॉल

कार्नर न्यूज

# 12 हजार रुपए किलो तक बिक रहा अफगानिस्तान का ममरा बादाम, 8 हजार में 6 एमएल दुबई का परफ्यूम पहली पसंद

**रायपुर।** विदेशी वस्तुओं के शौकीन लोगों को थाईलैंड इंटरनेशनल शॉपिंग फेस्टिवल में महंगे परफ्यूम से लेकर ड्रायफ्रट्स और अन्य चीजें आकर्षित कर रही है। विदेश के तर्ज पर यहां थाईलैंड, कोरिया, यूएई, अफगानिस्तान, ईरान, सिंगापुर और तुर्की समेत कई देशों के स्टॉल्स सजाए हैं। बड़ी संख्या में लोग विदेशी चीजों की खरीदारी करने यहां पहुंच रहे हैं। एग्जिबिशन में इस बार अफगानिस्तान के ड्राय फ्रूट्स ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। अफगानिस्तान के व्यापारी समीर ने बताया कि उनके स्टॉल पर 20 से अधिक प्रकार के ड्राय फ्रूट्स उपलब्ध हैं, जिनमें 7 प्रकार के मामरा बादाम, किशमिश, ब्लूबैरी, ब्लैकबैरी, ब्लैक ग्रेप्स और अंजीर प्रमुख ड्राय फ्रूट्स शामिल हैं। अफगानिस्तान में लगभग 72 प्रकार का मामरा बादाम पाया जाता है, जिसमें टॉप 7 ग्रेट का बादाम रायपुर में मिलता है। इनमें ऑइल की मात्रा अधिक होती है, जो विशेष रूप से दिमाग के लिए फायदेमंद है। एक किलो बादाम की कीमत 12000 रुपए तय की गई, जिसे लोग भारी मात्रा में खरीद रहे। वही अंजीर की खरीदी 4000 रुपए किलो में हो रही है, जो जोड़ों के दर्द और डायबिटीज के मरीजों के लिए लाभकारी है।





### दुबई का इत्र 'हसन बीन हसन' बना लोगों की पसंद

हैदराबाद के व्यापारी सुल्तान द्वारा लगाए गए दुबई इत्र स्टॉल खरीदारों की पहली पसंद बनी हुई है। व्यापारी ने बताया कि उनके स्टॉल पर दुबई का 100 से 150 प्रकार के इत्र उपलब्ध हैं, जिन्हें कस्टमाइज कर बेचा जा रहा है। इनमें हसन बीन हसन नामक इत्र लोगों की पहली पसंद है, जिसकी 6 एमएल की छोटी सी शीशी की कीमत 8000 रुपए रखी गई है। इत्र की खासियत लंबे समय तक बनी रहने वाली खुशबू है, जिसे खासतौर पर परफ्यूम के शौकीन लोग खरीद रहे। प्रदर्शनी में 2 हजार से 10 हजार तक का इत्र लाया गया है। दुबई से एंटीक हैंडमेड फॉइल डिजाइन बोटल भी लाया गया, जिसकी कीमत हजार रुपए तय है।



### साउथ अमेरिका का मनी स्टोन

प्रदर्शनी में गोवा से पवन दीक्षित के स्टॉल में 20 से अधिक स्टोन कलेक्शन लाया गया है। इसमें वास्तु के अनुसार स्टोन कितने प्रकार जेड, एमेथिस्ट, पाइराइट, सोडा राइट, रोज क्वाट्र्ज, ग्रीन लाइट, टाइगर नामक स्टोन चर्चा का विषय बना हुआ है। इसमें टाइगर स्टोन आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए, एमेथिस्ट मानसिक शांति के लिए और रोज क्वाट्र्ज प्रेम व संबंधों को मजबूत करने के लिए उपयोगी माना जाता है। इन्हें ब्राजील, खलातिस्तान, इंडोनेशिया, लिपिन्स और चीन जैसे देशों से मंगाया गया है। सबसे खास स्टोन "मनी स्टोन" है, जिसे साउथ अमेरिका से लाया गया है। यह पत्थर आर्थिक समृद्धि को आकर्षित करने के लिए जाना जाता है। इसे वास्तु के अनुसार घर या दुकान के पूर्व दिशा में रखा जाता है, मनी स्टोन के 100 ग्राम की कीमत 1500 तय की गई है।

सिटी लाइव

# सांस्कृतिक- धार्मिक विरासत से जोड़ेगी भारत गौरव ट्रेन



**रायपुर।** रेल मंत्रालय ने देश के विभिन्न भागों से भारत सरकार द्वारा परिकल्पित 'देखो अपना देश' और 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की तर्ज पर पर्यटन को बढ़ावा देने का प्रयास किया है। इस कड़ी में भारत गौरव पर्यटक ट्रेनों का संचालन शुरू किया है। भारतीय रेलवे अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू क्षेत्र में एक आकर्षक यात्रा के रूप में प्रदर्शित करने के लिए प्रयास करता रहा है। घरेलू पर्यटक के साथ अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को भी भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत से अवगत कराने के लिए पहल की है। शहर से जुड़ने वाली सेवा और यात्रियों की सुविधा को लेकर शनिवार को पत्रकारवार्ता में इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म के पर्यटन अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी ने उक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैटरिंग की सुविधा भी यात्रा के दौरान दी जाएगी।

### रविवार को रायपुर से होकर गुजरेगी ट्रेन

उन्होंने बताया कि भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। जो भागलपुर से खुलने के बाद जसीडीह, मधुपुर, सुजलपुर, बराकार, धनवाद, बोका रोस्टीलसिटी, मुरी, रांची राऊर किला, झारसुगुड़ा, चांपा, बिलासपुर से होते हुए रविवार को रायपुर आएगी। इसके बाद दुर्ग स्टेशन से होते हुए गंतव्य की ओर रवाना होगी। ट्रेन में सवार लोग यह यात्रा 11 रात 12 दिनों के लिए कर रहे हैं। इसमें तिरुपति बालाजी, रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग, कन्याकुमारी, मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग आदि का भ्रमण कराया जाएगा। इसके लिए यात्रियों को 22760 रुपए प्रति व्यक्ति (स्लीपर इकॉनॉमी श्रेणी) और 39990 रुपए प्रति व्यक्ति (3 एसी स्टैण्डर्ड श्रेणी) का खर्च उठाना होगा। इसमें सभी तरह की सुविधाएं शामिल हैं।

● बारिश के पानी की बचत कर बढ़ा रहे घरों का वाटर लेवल, गर्मी में नहीं होती पानी की किल्लत

# बारिश में वॉटर हार्वेस्टिंग से सालाना 1200 लीटर तक की बचत, कुएं बनाकर भी सहेजा जा रहा जल

"बरसात के मौसम में हजारों लीटर जल यूं ही बर्बाद हो जाता है, जिसे रोकने के लिए शहरवासियों ने वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का प्रयास किया है। इन दिनों शहर के विस्तार और कंक्रीट की सड़कों ने जीवनशैली में बड़ा बदलाव किया है, जिससे सड़कों का पानी बहकर नदी, नालों के माध्यम से शहर के बाहर चला जा रहा है। इससे रायपुर जैसे बड़े शहर में पानी की समस्या बढ़ती जा रही है। इस स्थिति में शहर के घरों व स्कूलों में पानी बचाओ मॉडल तैयार किया गया है, जिससे हर साल सैकड़ों लीटर पानी बचाया जा रहा है।"

**रायपुर।** इन दिनों शहरवासियों ने वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की मदद से बरसाती पानी को बचाकर दैनिक जीवन में उसका उपयोग शुरू कर दिया है। इससे उनके आसपास के क्षेत्रों में वॉटर लेवल कम नहीं होता। शहरवासियों ने बताया कि बारिश के पानी को व्यर्थ बहने से रोकने के लिए छतों पर वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया गया है, जिससे एक ओर पानी को संजोया जा रहा है और दूसरी ओर बोरवेल रीचार्ज हो रहा है। इस सेटअप की खास बात ये है कि बारिश का पानी सीधे पाइप के जरिए बोरवेल में पहुंचाया जाता है, जिससे भूजल स्तर में सुधार हो रहा। इससे न केवल भविष्य के लिए जल संरक्षण संभव हो रहा है, बल्कि वर्तमान में भी लोगों को पानी की किल्लत से राहत मिल रही है।

### छत पर पाइपलाइन बिछाई, अब सैकड़ों लीटर पानी की बचत





*शिवम एजुकेशनल स्कूल इंद्रप्रस्थ के प्राचार्य विनोद कुमार पांडे ने बताया कि स्कूल में बीते 3-4 साल से वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया गया है। इसमें बारिश का पानी पाइपलाइन की मदद से नीचे बोर में चला जाता है। इसके लिए छत से नीचे तक पाइपलाइन बिछाई गई है, यह पहल स्कूल के चेयरमैन रामनारायण मिश्रा की थी। इससे हर साल सैकड़ों लीटर पानी सुरक्षित किया जाता है, जिससे पानी बर्बाद होने से बच जाता है। बारिश का एक-एक बूंद पानी बचत किया जाता है। हर दिन स्कूल में 1000-1500 लीटर से अधिक पानी का उपयोग होता है, वॉटर हार्वेस्टिंग की मदद से पानी का स्तर कम नहीं होता।*

### घरों में वॉटर हार्वेस्टिंग से बचा सकते हैं 1200 मिमी तक पानी



हरिभूमि से चर्चा में डॉ. के. पाणीग्रही ने बताया कि बीते 30 सालों से वॉटर हार्वेस्टिंग की सलाह शहरवासियों को दे रहे, साथ ही घर पर वॉटर हार्वेस्टिंग के लिए मशीन भी लगाई हुई है। हर साल बारिश के दिनों में लगभग 1200 मिलीमीटर तक पानी जमा हो सकता है, अब तक 400 मिमी पानी जमा हो चुका है। इन दिनों शहर में ज्यादा से ज्यादा घरों में वॉटर हार्वेस्टिंग करने की आवश्यकता है। पहले जहां 80 फीट में पानी मिलता था, अब वहां कम गहराई में भी पानी मिल जा रहा है। इसके लिए रेन वॉटर हार्वेस्टिंग बेहतर प्रयास है।



### बारिश का पानी जमा करने बोरवेल के पास 3-8 फीट का कुंआ बना रहे

*घरों में बोरवेल के पास 3 फीट से 8 फीट तक का गहरा कुंआ बनाया जा रहा, इसमें बारिश का पानी सेव किया जाता है। बारिश का पानी छत के माध्यम से पाइप के जरिए नीचे पहुंचता है, जो फिल्टर होते हुए कुएं में एकत्र होता है। वॉटर हार्वेस्टिंग के जरिए हर साल वॉटर लेवल बढ़ता है और गर्मी के दिनों में भी पानी की समस्या नहीं होती।*

### वॉटर हार्वेस्टिंग से आसपास का भी वॉटर लेवल बढ़ा

गीतांजली नगर निवासी देवराज गुरनानी ने घर पर वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बीते 10 सालों से लगाया हुआ है। हरिभूमि से बातचीत में बताया कि पिताजी ने जनसेवा के उद्देश्य से वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाया, जिससे अब तक 5-7 घरों का निर्माण हो चुका है। आधुनिकता के साथ पानी की कमी से बचने के लिए इसकी शुरुआत की गई, जिससे हर साल बारिश के 60% पानी की बचत हो जाती हैं। रोजाना 1000-1200 लीटर पानी की खपत घर पर होती है। इसके लिए छत से बोर तक पाइपलाइन बिछाई गई है, साथ ही फिल्टर मशीन पानी साफ करने में मदद करती है। बहते पानी से आने वाला कचरा फिल्टर मशीन में रुक जाता है। इसे हर दो साल में साफ-सफाई की जरूरत पड़ती है, जिससे घर के आसपास का जलस्तर सुधरने में मदद मिली।

# ऋषभदेव मंदिर में प्रवर्तिनी निपुणा श्रीजी उपाश्रय का लोकार्पण आज

## निर्माण में सहयोगी दानदाताओं का सम्मान और अभिनंदन भी

**रायपुर।** सदर बाजार स्थित ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट प्रांगण में रविवार को प्रवर्तिनी निपुणा श्रीजी उपाश्रय का मंगलमय लोकार्पण होगा। ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय कांकरिया एवं कार्यकारी अध्यक्ष अभय कुमार भंसाली ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 7.30 बजे श्री पार्श्व वल्लभ स्नात्र महिला एवं बहुमंडल राजनांदगांव द्वारा आयोजित स्नात्र महोत्सव के साथ होगी। इसके पश्चात प्रातः 9 से 10 बजे तक धर्मसभा का आयोजन होगा।

धर्मसभा के उपरांत प्रातः 10 से 11 बजे तक श्री निपुणा उपाश्रय का भव्य उद्घाटन संपन्न होगा। इसके बाद उपाश्रय के निर्माण में सहयोग प्रदान करने वाले सभी दानदाताओं का सम्मान और अभिनंदन किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन में प्रातः 11.30 बजे से महावीर भवन में स्वामी वात्सल्य का आयोजन रहेगा। उपाश्रय के ग्राउंड फ्लोर स्थित हॉल के लाभार्थी इंदरचंद बेगानी एवं सावित्री देवी बेगानी



रायपुर हैं। वहीं उपाश्रय के प्रथम तल के हॉल का निर्माण प्रवर्तिनी निपुणा श्रीजी की शिष्या प्रवचन प्रभाविका मंजुला श्रीजी एवं मृदुयशा श्रीजी की पावन प्रेरणा से स्व. रिखबचंद जी, स्व. कांता बाई एवं स्व. दीपक कुमार की पुण्य स्मृति और आत्मकल्याण के लिए कराया गया है। इस पुण्य कार्य में मनीता, कैलाश कुमार, बबीता, मौलिक कुमार एवं ऋषिका बेगानी रायपुर/अभनपुर ने सहभागिता निभाई।

### आत्मोत्थान वर्षावास का पोस्टर विमोचन

*रायपुर की पावन धरा में आत्मोत्थान वर्षावास 2025 का आयोजन होने जा रहा है। पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने चातुर्मास के पोस्टर का विमोचन किया। चातुर्मास समिति ने उन्हें साध्वी श्री हंसकीर्ति जी म सा आदि ठाना के मंगल प्रवेश का सहर्ष आमंत्रण दिया। इस दौरान चातुर्मास समिति के अध्यक्ष अमित मुनोत, विजय कांकरिया, अभय कुमार भंसाली, राजेंद्र गोलछा मौजूद रहे।*

### 50 से अधिक मंदिर उपाश्रय निर्माण में अमूल्य योगदान

सदरबाजार स्थित श्री ऋषभदेव मंदिर में प्रवर्तिनी निपुणा श्रीजी के नाम पर उपाश्रय का लोकार्पण किया जा रहा है। निपुणा श्रीजी को कैवल्यधाम तीर्थ की प्रेरिका और शासन प्रभाविका के रूप में जाना जाता है। उन्हीं की प्रेरणा से कैवल्यधाम तीर्थ की स्थापना हुई। उनके मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर 50 से अधिक मंदिर और उपाश्रय का निर्माण हुआ। निपुणा श्रीजी ने अपने जीवन के 25 वर्ष छत्तीसगढ़ में धर्म आराधना, निर्माण और समाज उत्थान के कार्यों में समर्पित किए। उन्हीं की स्मृति में यह उपाश्रय निर्मित किया गया है।

# जीवन की हर घड़ी अंतिम क्षण मानकर हर पल करें श्रेष्ठ कर्म

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय संस्था प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा की 60वीं पुण्यतिथि स्मृति दिवस के अवसर पर सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में ब्रह्ममुहर्त से ब्रह्मावत्सो ने मौन में रह संगठित रूप से राजयोग द्वारा मातेश्वरी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। भिलाई सेवा केंद्र की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा बहन ने मातेश्वरी से जुड़े संस्मरण सुनाते हुए कहा कि वें 17 वर्ष की आयु में



राधे नाम की कन्या के रूप में संस्था के संपर्क में आई और परमात्म ज्ञान को अपने जीवन में धारण कर जीवन की हर घड़ी अंतिम घड़ी समझ कर श्रेष्ठ कर्मों द्वारा सभी को खुद में परिवर्तन करने की सहज प्रेरणा दी। आशा बहन ने बताया कि उन्होंने उस युग में नारी नेतृत्व का आदर्श प्रस्तुत किया जब महिलाओं को सामाजिक नेतृत्व सीमित था।वे स्वयं शिव शक्तिस्वरूपा बनकर हजारों महिलाओं को नेतृत्व और ज्ञान का मार्ग दिखाने वाली बनीं।





# प्रकृति के दुश्मन तीन, पाउच पन्नी पॉलीथिन ग्रीन आर्मी ने निकाली जन-जागरूकता रैली

**रायपुर।** ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ ने बाजारों को पॉलीथिन मुक्त बनाने शनिवार को शीतला बाजार, पुरानी बस्ती में जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली में प्रकृति के दुश्मन तीन, पाउच, पन्नी, पॉलीथिन, पॉलीथिन जहर है, पृथ्वी पर कहर है और गोमाता करे पुकार, पॉलीथिन मुक्त हो संसार जैसे नारों ने राहगीरों, व्यापारियों और रहवासियों का ध्यान आकर्षित किया। इस दौरान संस्था द्वारा जन-जागरूकता मार्मिक अपील वाले पांपलेट वितरित किए गए और दुकानदारों एवं ग्राहकों को 200 से अधिक पेपर थैले भी बांटे गए। इस रैली में छत्रपति शिवाजी इंग्लिश मीडियम स्कूल के बच्चों ने भी भाग लिया। बच्चों की भागीदारी ने अभियान को और अधिक प्रभावशाली बना दिया, जिससे पॉलीथिन मुक्ति का संदेश और अधिक गहराई से जन-जन तक पहुंचा।



### सभी बाजार पॉलीथिन मुक्त हों

*ग्रीन आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे ने कहा, शीतला बाजार में महज एक शुरुआत की है। हमारा लक्ष्य है कि शासन-प्रशासन के सहयोग से रायपुर के सभी बाजार पॉलीथिन मुक्त हों। जिला अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा ने सिंगल यूज प्लास्टिक के विरोध पर जोर देते हुए कहा, आज के अभियान में सिंगल यूज प्लास्टिक का पुरजोर विरोध किया गया। चुनौतियां अवश्य हैं, लेकिन हम पीछे हटने वालों में से नहीं हैं। रैली इस सच्चाई को रेखांकित करती है कि पॉलीथिन दिखने में सुविधाजनक लगता है, वास्तव में धरती माता के लिए एक अदृश्य जहर है। यह न केवल मिट्टी और जलस्त्रोंतों को प्रदूषित करती है, बल्कि पर्यावरण और वन्यजीवन के लिए भी गंभीर खतरा है। यदि समय रहते इसे नहीं रोका गया तो परिणाम विनाशकारी होंगे।*











**सिटी स्पोर्ट्स**

# जिला क्रिकेट संघ में एक से होगा खिलाड़ियों का पंजीयन

**रायपुर।** रायपुर जिला क्रिकेट संघ के वर्ष 2026-27 हेतु सभी वर्गों के पंजीयन की तिथि 01 से 07 जुलाई तक निर्धारित की गयी है। नये पंजीयन का समय सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक आर.डी.सी.ए. ग्रांउड, तेलीबांधा में रखा गया है। नये पंजीयन हेतु आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, छत्तीसगढ़ में जन्में खिलाडियों के लिये पिछले 5 वर्षों की मार्कशीट की फोटोकॉपी अन्यथा पिछले 10 वर्षों की मार्कशीट की फोटोकॉपी जमा करना होगा। नये पंजीयन हेतु रुपये 500 का शुल्क निर्धारित किया गया है। पंजीयन के समय सत्यापन हेतु समस्त मूल दस्तावेज लाना भी अनिवार्य है। पंजीयन के नवीनीकरण हेतु खिलाड़ियों को गूगल फार्म में नाम, जन्मतिथि, फोन नंबर बल्लेबाज या गेंदबाज आदि जानकारी देनी होगी। गुगल फार्म 01 जुलाई से 07 जुलाई तक उपलब्ध होगा। पंजीयन का नवीनीकरण निशुल्क है।




# सेंट्रल और साउथ जोन की जीत, ख्याति ने लिए 5 विकेट

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित वूमेंस अंडर-19 चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत शुक्रवार को दो मैच खेले गए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में हुए मैच में टीम सेंट्रल जोन ने नॉर्थ जोन को 6 विकेट से हरा दिया। बल्लेबाजी में नॉर्थ जोन की टीम 88 रन पर आउट हुई। पलक सिंह ने 30 रन, गेंदबाजी में सेंट्रल जोन की अलका रानी कुजूर ने 4 विकेट, सीलमनी कंडुलना ने तीन विकेट, ऋषिका श्रीवास्तव, जपनीत कौर एवं शांति बघेल ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में सेंट्रल जोन की शेख नाजिया ने नॉट आउट 32 रन, भाविका साहू ने 21 रन और यति शर्मा ने 20 रन बनाए। गेंदबाजी में नॉर्थ जोन की शायना खान ने दो विकेट, गीत डहरिया एवं पलक सिंह ने एक-एक विकेट लिए।



बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में टीम ईस्ट जोन के विरुद्ध साउथ जोन ने 5 विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में ईस्ट जोनकी टीम 95 रन पर आउट हुई। रिया सिंह ने 35 रन बनाए। गेंदबाजी में साउथ जोन की ख्याति साहू ने पांच विकेट और रंगीता लाकरा ने दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में साउथ जोन ने 5 विकेट पर 96 रन बनाए। चांद चेलक ने 40 रन, दीक्षा तिवारी ने नॉट आउट 33 रन, गेंदबाजी में ईस्ट जोन की मोनिका मरावी ने 4 विकेट और रिया सिंह ने एक विकेट लिए।

# छत्तीसगढ़ की दिव्या मलेशिया में उतरेगी बास्केटबॉल मुकाबले में

**रायपुर।** अंडर 16 एशियन चैंपियनशिप बास्केटबॉल क्वालीफायर 12 से 15 जून तक मालद्वीप में आयोजित किया गया। जिसमें भारतीय टीम ने श्रीलंका, बांग्लादेश, मालदीप से लगातार मैच जीतकर फ़ाइनल में प्रवेश किया। फ़ाइनल में भारत ने श्रीलंका को हराकर स्वर्ण पदक जीता एवं एफआईबीए अंडर 16 वूमेन एशियन चैंपियनशिप 2025 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। जो 14 से 20 सितम्बर तक मलेशिया में आयोजित की जाएगी। भारतीय बास्केटबॉल बालिका टीम में छत्तीसगढ़ से महासमुंद जिले की दिव्या रंगारी भी शामिल थी। महासमुंद कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने दिव्या को मालद्वीप में स्वर्ण पदक जीतने एवं एशियन चैंपियनशिप मलेशिया के लिए भारतीय टीम के क्वालिफाई करने पर बधाई एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है। ज्ञात हो दिव्या ने 48 वीं सब जूनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप अगस्त 2023 पांडिचेरी में छत्तीसगढ़ की बालिका टीम से खेलते हुए स्वर्ण पदक जीतने में सफल रही हैं जिसमें दिव्या ने अच्छा प्रदर्शन किया था।




# प्रशिक्षु बैडमिंटन स्पर्धा में क्वार्टर फाइनल के रोमांचक मुकाबले

**रायपुर।** राजधानी के सप्रे शाला बैडमिंटन हॉल में प्रशिक्षु बालक बालिकाओं की बैडमिंटन स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल मुकाबले संपन्न हुए। विभिन्न वर्ग के अंतर्गत 11 वर्ष आयु समूह बालिका वर्ग एकल- क्वार्टर फाइनल में द्विती बंगारू ने आईशी जैन को 30-4 से, शानवी चौरड़िया ने मिराया लुंकड को 30-17 से, आईजा खाखू ने रितिका रानी को 30- 15 से हराया। 13 वर्ष आयु समूह बालिका वर्ग एकल- क्वार्टर फाइनल में नादिरा सलमान ने चिन्मयी सोनी को 15-3,15-9 से, मान्य मिश्रा ने आराध्य तेलची को 15-4,15-7 से, स्तुति सरकार ने मानवी सिंह को 15-10,15-7 से, तमन्ना जूनामनि ने रिधिका मधुकर 15-13,15-6 से हराया। 15 वर्ष आयु समूह बालिका वर्ग एकल- क्वार्टर फाइनल में नादिरा सलमान ने झरना निषाद को 15-1,15-1 से, अनीषा रामटेके ने स्तुति सरकार को 15-3,15-7 से, अनिका शर्मा आद्य चूड़ासमा 15-3,15-5 से हराया।



**कोलेस्ट्रॉल और हाई ब्लड प्रेशर बढ़ा रहे छोटी उम्र में टेंशन**


# हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या से बचना है तो छोटी उम्र से ही गांठ बांध लीजिए कुछ जरूरी बातें

हृदय की बढ़ती बीमारियों के लिए हाई कोलेस्ट्रॉल और हाई ब्लड प्रेशर को प्रमुख कारण माना जाता रहा है, इन दिनों को कंट्रोल में रखना जरूरी है। लोग अक्सर जानना चाहते हैं कि क्या कोई ऐसा तरीका है, जिसकी मदद से आपको कभी बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की दिक्कत ही न हो?

दरअसल, हृदय रोग की समस्याएं सभी उम्र के लोगों में बढ़ती हुई देखी जा रही हैं। हाल के वर्षों में 30 से कम आयु वालों में हार्ट अटैक और इससे मौत के मामले काफी बढ़ गए हैं। हृदय की बढ़ती बीमारियों के लिए हाई कोलेस्ट्रॉल और हाई ब्लड प्रेशर को प्रमुख कारण माना जाता रहा है, इन दिनों को कंट्रोल में रखना शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सबसे जरूरी है। क्या आपका कोलेस्ट्रॉल लेवल नियंत्रित है?


कोलेस्ट्रॉल का नाम सुनते ही अक्सर दिल की बीमारियों का ख्याल आता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कोलेस्ट्रॉल वास्तव में इतना भी बुरा नहीं है? वास्तव में, यह शरीर की कोशिकाओं की बनावट, हार्मोन्स के निर्माण और पाचन में जरूरी भूमिका निभाता है। समस्या तब होती है जब शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ जाती है और गुड कोलेस्ट्रॉल की घट जाती है। अब आपके मन में भी सवाल आ रहा होगा कि क्या कोई ऐसा तरीका है, जिसकी मदद से आपको कभी बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की दिक्कत ही न हो?

**कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के कारण होने वाली समस्याएं:** हृदय रोग विशेषज्ञ कहते हैं, कम उम्र से ही अगर जीवनशैली में सुधार कर लिया जाए तो बैड कोलेस्ट्रॉल की समस्या से बचा जा सकता है। यूएस स्थित कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. एड्रियाना क्विनोनेस-कैमाचो कहती हैं, हाई कोलेस्ट्रॉल का स्तर आपके हृदय के स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक हो सकता है।



कोलेस्ट्रॉल वर्षों से आपकी धमनियों की दीवारों में जमा होता है। प्लाक के निर्माण करके धमनियों को संकरा और सख्त कर देता है, जिससे हृदय रोग, दिल के दौरे और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। बैड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने में आपके खराब आहार और गड़बड़ जीवनशैली की मुख्य भूमिका होती है। जो लोग संतृप्त और ट्रांस फैट वाली चीजें अधिक खाते हैं, गतिहीन जीवनशैली जीते हैं, अत्यधिक धूम्रपान और शराब का सेवन करते हैं, मोटापा या मधुमेह जैसी बीमारियों का शिकार हैं उनमें ये दिक्कत अधिक देखी जाती है। इसका मतलब है कि अगर कम उम्र से ही इनमें सुधार कर लिया जाए तो कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के खतरे से बचा जा सकता है।

## खान-पान में बदलाव जरूरी



अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लिनिकल न्यूट्रिशियन में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, डाइटरी फाइबर वाली चीजों को आहार में अधिक से अधिक शामिल करके बैड कोलेस्ट्रॉल को 5-10 फीसदी तक कम कर सकता है। दलिया, साबुत अनाज, सेब और बीन्स का सेवन बढ़ाने से आपको लाभ मिल सकता है।

## ट्रांस फैट से बचें और ओमेगा-3 फैटी एसिड की मात्रा बढ़ाएं

बैड कोलेस्ट्रॉल की समस्या से बचे रहने का एक फार्मूला ये भी है कि आहार में ट्रांस फैट वाली चीजें जैसे बेकरी आइटम्स, फ्राई चीजों की मात्रा कम कर दें। इस तरह के खाद्य पदार्थ भी कोलेस्ट्रॉल की समस्या को बढ़ाने वाले हो सकते हैं।

हार्वड मेडिकल स्कूल की एक रिपोर्ट के अनुसार, ओमेगा-3 फैटी एसिड वाली चीजों को अपने आहार में शामिल करने से हृदय संबंधी बीमारियों का जोखिम 30% तक कम हो सकता है। अखरोट, अलसी के बीज, मछली और एवोकाडो आदि को आहार का हिस्सा बनाएं।

## इन उपायों पर भी देते रहें ध्यान



डॉक्टर कहते हैं, कोलेस्ट्रॉल की समस्या कोई अचानक आने वाली बीमारी नहीं है, यह वर्षों तक चुपचाप शरीर में बढ़ती है। लेकिन यदि हम आज से ही अपने खानपान, व्यायाम, सोच और आदतों में बदलाव लाएं तो न केवल हम कोलेस्ट्रॉल से बल्कि उससे जुड़ी हृदय संबंधी बीमारियों से भी सुरक्षित रह सकते हैं। बैड कोलेस्ट्रॉल से बचाव के लिए लाइफस्टाइल में कुछ और सुधार करना जरूरी है। रेड मीट और प्रोसेस्ड मीट को सीमित करें। इसकी जगह अंडे के सफेद भाग, टोफू और दालों का सेवन अधिक से अधिक करें। सक्रिय जीवनशैली अपनाएं, नियमित व्यायाम करें। एरोबिक व्यायाम को कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर दोनों को कंट्रोल रखने वाला पाया गया है। हार्वर्ड हेल्थ की रिपोर्ट के अनुसार, लगातार तनाव में रहने से भी कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ सकता है। स्ट्रेस को कंट्रोल करने वाले तरीकों पर भी ध्यान देना जरूरी है।

# वास्तु के अनुसार होना चाहिए पूजा घर

पूजा घर न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि जीवन में संतुलन और समृद्धि का माध्यम भी है। इसलिए पूजा घर बनवाते समय वास्तु से जुड़ी कुछ आवश्यक बातों का ध्यान रखना अत्यंत जरूरी है।



## पूजा घर की शुभ दिशा

वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में पूजा घर के लिए सबसे उत्तम दिशा उत्तर-पूर्व (ईशान कोण) होती है। यह दिशा भगवान शिव और जल तत्व से संबंधित मानी गई है, जिससे पवित्रता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। यदि यह दिशा उपलब्ध न हो, तो पूर्व दिशा को दूसरा सर्वोत्तम विकल्प माना जाता है। पूजा करते समय व्यक्ति का मुख भी पूर्व या उत्तर की ओर होना चाहिए, इससे साधना में एकाग्रता आती है और ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है।

## पूजा घर का स्थान और संरचना

पूजा घर को कभी भी शौचालय, बाथरूम या सीढ़ियों के नीचे नहीं बनाना चाहिए। यह स्थान शांत, स्वच्छ और ऊर्जा से भरपूर होना चाहिए। यदि घर छोटा है, तो ड्राइंग रूम के उत्तर-पूर्व कोने को पूजा के लिए चुना जा सकता है। मंदिर को हमेशा जमीन से कुछ ऊंचाई पर रखें और उसके नीचे किसी भी प्रकार का सामान स्टोर न करें। मंदिर की दीवार पर लकड़ी की पीठ या प्लेटफार्म लगाया जा सकता है।

## मूर्तियों की व्यवस्था

मंदिर में स्थापित मूर्तियां 9 इंच से अधिक ऊंची नहीं होनी चाहिए और उन्हें दीवार से थोड़ा दूर रखें ताकि पीछे की ओर हवा का प्रवाह बना रहे। खंडित या टूटी हुई मूर्तियों को तुरंत मंदिर से हटा देना चाहिए क्योंकि ये नकारात्मक ऊर्जा फैलाती हैं। भगवान की मूर्तियों की संख्या भी सीमित होनी चाहिए। एक ही देवता की कई मूर्तियों को एकसाथ न रखें।

## मंदिर का रंग और सजावट

पूजा घर के रंग हल्के और शुभ होने चाहिए, जैसे कि सफेद, हल्का पीला, गुलाबी या क्रीम। गहरे या काले रंगों से बचना चाहिए क्योंकि ये मन और वातावरण पर भारी प्रभाव डालते हैं। मंदिर में धूपबत्ती, दीपक, शंख और घंटी की व्यवस्था अवश्य करें। रोजाना दीपक जलाने और सुगंधित धूप लगाने से सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है।

## पूजा घर से जुड़ी कुछ सावधानियां

मंदिर को रसोईघर या शयनकक्ष में न बनाएं। यदि जगह की कमी के कारण ऐसा करना पड़े, तो मंदिर को लकड़ी की अलमारी में बनाकर उसे पर्दे से ढक सकते हैं। पूजा स्थान में कभी भी जूते-चप्पल लेकर न जाएं और वहां मोबाइल फोन या अन्य ध्यान भटकाने वाली वस्तुएं न रखें। पूजा घर को हमेशा स्वच्छ और सुगंधित बनाए रखें।

# जुलाई में केतु का होगा नक्षत्र परिवर्तन तीन राशियों की सुधरेगी आर्थिक स्थिति

अगले महीने 6 जुलाई को केतु का पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में आभासी प्रवेश होगा, जो 20 जुलाई को पूर्ण होगा। इस गोचर से तीन राशियों का भाग्य जागेगा और उन्हें विशेष धन लाभ के अवसर मिलेंगे। 6 जुलाई को दोपहर 1:32 बजे केतु पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में आभासी रूप से प्रवेश करेगा और इसका पूर्ण गोचर 20 जुलाई को दोपहर 2:10 बजे होगा। केतु के इस नक्षत्र परिवर्तन से तीन राशियों के लिए सौभाग्य के द्वार खुल सकते हैं।



**वृषभ राशि:** केतु का पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में गोचर वृषभ राशि के जातकों के लिए बेहद शुभ रहेगा। इस दौरान आपकी रचनात्मक सोच और नेतृत्व कौशल को खूब बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी और पुराने अधूरे काम पूरे होने के आसार हैं।

**तुला राशि:** तुला राशि के जातकों के लिए यह गोचर मानसिक स्पष्टता और संतुलन लेकर आएगा। आपकी निर्णय क्षमता बेहतर होगी और आप अपने लक्ष्यों को स्पष्ट रूप से समझ पाएंगे। नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति या वेतन वृद्धि का अवसर मिल सकता है, जबकि व्यवसाय में पुराने अटके काम से लाभ मिलेगा।

**कुंभ राशि:** कुंभ राशि के जातकों के लिए यह गोचर आत्मनिरीक्षण और आध्यात्मिक उन्नति का समय होगा। आपकी अंतरात्मा की आवाज़ प्रबल होगी और सही निर्णय लेने की क्षमता में वृद्धि होगी। कला, लेखन, संगीत या आध्यात्मिक क्षेत्र से जुड़े लोग इस अवधि में खास पहचान और सम्मान प्राप्त कर सकते हैं।



# 'प्रोसेस्ड फूड' को लेकर दीवानगी ठीक नहीं, इन्हें सीमित मात्रा में लेना ठीक

अधिकतर प्रोसेस्ड फूड्स ऐसे होते हैं जो सेहत के लिए हानिकारक होते हैं, लेकिन कुछ प्रोसेस्ड फूड्स ऐसे भी होते हैं जिन्हें सीमित मात्रा में लिया जाए तो वो सेहत के लिए फायदेमंद हो सकते हैं। आइए इस लेख में इसी के बारे में विस्तार से जानते हैं। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में प्रोसेस्ड फूड बहुत से लोगों के जीवन शैली का एक अभिन्न हिस्सा बन चुका है। नूडल्स, चिप्स, डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ और रेडी-टू-ईट भोजन अपनी सुविधा के कारण बेहद लोकप्रिय हो गए हैं। बेशक ये फूड्स हमारा समय बचाते हैं, लेकिन इसको लेकर कुछ लोगों के मन में अक्सर ये सवाल रहता है कि क्या प्रोसेस्ड फूड वाकई हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं? इस सवाल का सही जवाब जानने के लिए सबसे पहले ये जानना जरूरी है कि प्रोसेस्ड फूड होता क्या है? यह भी जानना जरूरी है कि सभी प्रोसेस्ड फूड एक जैसे नहीं होते हैं। प्रोसेस्ड फूड की दुनिया काफी जटिल है, कुछ ऐसे हैं जिनसे पूरी तरह से बचना चाहिए, क्योंकि उसमें चीनी, नमक और अनहेल्दी फैट मौजूद होता है। वहीं कुछ ऐसे भी हैं जिन्हें सीमित मात्रा में या सही चुनाव के साथ अपनी डाइट में शामिल किया जा सकता है। आइए, प्रोसेस्ड फूड के बारे में विस्तार से जानते हैं, साथ ही उनके संभावित नुकसानों और उनसे बचने या सुरक्षित विकल्पों को चुनने के बारे में भी जानेंगे।

## प्रोसेस्ड फूड क्या है?



प्रोसेस्ड फूड वह खाद्य पदार्थ है, जिसे स्वाद, शेल्फ-लाइफ, या सुविधा के लिए रासायनिक प्रक्रिया से तैयार किया जाता है। इसमें फ्रोजन सब्जियां, डिब्बाबंद फल, और चिप्स जैसे स्नैक्स शामिल हैं। हालांकि, सभी प्रोसेस्ड फूड हानिकारक नहीं होते। उदाहरण के लिए, फ्रोजन मटर या पाश्चुरीकृत दूध न्यूनतम प्रोसेसिंग के साथ पौष्टिक हो सकते हैं। लेकिन अत्यधिक प्रोसेस्ड फूड, जैसे कि चीनी युक्त पेय, पैकेज्ड स्नैक्स, और रेडी-मेड भोजन, सामान्यतौर पर स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक होते हैं।

## हानिकारक प्रोसेस्ड फूड और उनके खतरे

अत्यधिक प्रोसेस्ड फूड में चीनी, नमक, ट्रांस फैट, और कृत्रिम रसायन जैसे प्रिजर्वेटिव्स और रंग अधिक मात्रा में होते हैं। इंस्टेंट नूडल्स, चिप्स, बर्गर, और कार्बोनेटेड ड्रिंक्स का नियमित सेवन मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, और हृदय रोगों का जोखिम बढ़ाता है। इनमें पोषक तत्व कम और कैलोरी अधिक होती है, जिससे पाचन तंत्र पर भी बुरा असर पड़ता है।

## किन प्रोसेस्ड फूड से बचें?

कुछ प्रोसेस्ड फूड ऐसे हैं जिनसे हमें पूरी तरह से दूर रहना चाहिए? इनमें मीठे सोडा, एनर्जी ड्रिंक्स, और चिप्स-कुकीज जैसे ट्रांस फैट वाले स्नैक्स आते हैं। आर्टिफिशियल स्वाद वाले रेडी-टू-ईट भोजन भी इसी लिस्ट में हैं। इन चीजों में मौजूद प्रिजर्वेटिव्स और ज्यादा नमक आपकी सेहत बिगाड़ सकते हैं, ये मसूड़ों की बीमारी, मोटापा और हार्मोनल असंतुलन का कारण बन सकते हैं।

## सुरक्षित प्रोसेस्ड फूड और सीमित सेवन

अब ऐसा नहीं है कि सारे प्रोसेस्ड फूड खराब होते हैं। कुछ तो ऐसे होते हैं जिनकी प्रोसेसिंग बहुत कम होती है, जैसे कि फ्रोजन सब्जियां, डिब्बाबंद दालें या पाश्चुरीकृत दही। अगर इन्हें सीमित मात्रा में लिया जाए तो ये सेहत के लिए ज्यादा नुकसानदायक नहीं होते हैं, बस, एक बात का ध्यान रखें कि इनमें अधिक नमक या चीनी न मिली हो।



**कार्नर न्यूज**

**स्कूल में बच्चे का टिफिन हो सबसे अलग**

# स्कूली बच्चों का टिफिन होना चाहिए अलग हट कर, फूड आइटम में भी नजर आनी चाहिए सुपरमॉम की क्रिएटिविटी

इन दिनों ज्यादातर बच्चों के स्कूल खुल चुके हैं या फिर एक जुलाई से खुलेंगे। अपने बच्चों को स्कूल भेजने को लेकर माता-पिता ज्यादातर उत्साहित रहते हैं। खासतौर पर हर मां की सबसे बड़ी चिंता होती है कि वो हर रोज उन्हें टिफिन में ऐसा क्या दें, जो पूरा खत्म होकर वापस आए। क्योंकि बच्चों में खाने को लेकर काफी नखरे होते हैं। हर सुबह इसी बात की चिक-चिक होती है कि आज टिफिन में क्या जाएगा। आपकी इसी समस्या का हल लेकर कुछ ऐसी रेसिपी के बारे में यहां जानकारी, जो बच्चों के लिए बेहद जायकेदार है और जिसे बनाना भी काफी आसान है।



## वेजिटेबल पराठा रोल

बच्चों को साधारण सब्जी पराठा देंगे तो उन्हें वो पसंद नहीं आएगा। ऐसे में उनके टिफिन में स्वादिष्ट सा वेजिटेबल पराठा रोल बनाकर पैक करें। इसके लिए गेंहू के आटे से बने पराठे में प्याज, शिमला मिर्च, पत्ता गोभी और पनीर के की स्टफिंग करें। इसके अंदर टोमेटो कैचअप और मियोनीज भी एड करें, ताकि आसका स्वाद बढ़ जाए। इसे टिफिन में देंगे तो बच्चे पूरा टिफिन चट करके आएंगे।

## पनीर पराठा

बच्चे के टिफिन में साधारण पराठा रखने की बजाय पनीर से भरा पराठा बनाकर तैयार करें। ये पराठा काफी स्वादिष्ट होता है। इसे बच्चे काफी चाव से खाते है। इसलिए अपने बच्चे को अचार के साथ पनीर पराठा टिफिन में दें, ताकि वो इसे मन से खा सकें।

## सूजी उत्तपम

गर्मी के मौसम में ऐसी चीजें ही टिफिन में रखनी चाहिए, जो खाने में हल्की हो। ऐसे में सूजी उत्तपम एक बेहतर विकल्प है। सूजी, दही और बारीक कटी सब्जियों से बने छोटे-छोटे उत्तपम आपके बच्चे को काफी पसंद आएंगे। इसे पैक करते समय उसके साथ कैचअप अवश्य रखें, ताकि बच्चे उत्तपम को चाव से खा सकें।

## फ्राइड राइस

अगर आपके बच्चे को फ्राइड राइस पसंद है तो टिफिन में उनके लिए फ्राइड राइस तैयार करें। इस फ्राइड राइस को तैयार करने में ढेर सारी सब्जियों का इस्तेमाल करें, ताकि इसका स्वाद कई गुना बढ़ सके। यदि आप ब्राउन राइस तैयार करेंगी तो ये एक हेल्दी विकल्प भी रहेगा।

## मिनी इडली

अपने छोटे बच्चे के लिए साधारण इडली बनाने की जगह सूजी से बनी मिनी इडली तैयार करें। सूजी से बनी स्टीम इडली बच्चों के लिए हल्की और हेल्दी होती है। इसे आप फ्राई करके भी टिफिन में रख सकती हैं। फ्राइड इडली बच्चों को काफी पसंद आती है।

मूंग दाल चीला

कुछ हेल्दी विकल्प तलाश कर रही हैं तो मूंग दाल चीला से बेहतर कुछ हो नहीं सकता। दरअसल, मूंग दाल को पीसकर सब्जियों के साथ बना चीला, जो प्रोटीन और टेस्ट दोनों देता है। इसलिए टिफिन में आप ये भी दे सकते हैं।



# महाराजबंध तालाब की दुर्गति, बदबू और गंदगी ने नहीं छोड़ा साथ, 10 करोड़ के एसटीपी का आधा-अधूरा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी का ऐतिहासिक व प्राचीन महाराजबंध तालाब जलकुंभी और गंदगी से पटा पड़ा है। 800 साल पुराने इस तालाब के पानी को स्वच्छ रखने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 10 करोड़ में नागपुर की एजेंसी को ठेका दिया है। एजेंसी ने अब तक एसटीपी का काम पूरा नहीं किया है। ऐसे में बारिश के समय एक बार फिर शहर के अलग-अलग 3 नालों का गंदा पानी महाराजबंद तालाब को दूषित करने का काम करेगा। अनुबंधित एजेंसी पर निगम अफसरों की फटकार का कोई असर होता नहीं दिख रहा है।

दरअसल, शहर के महामाया मंदिर वार्ड स्थित महाराजाबंध तालाब के संरक्षण और संवर्धन को ध्यान में रखते हुए रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 10 करोड़ की लागत से 3 एमएलडी का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित कराने समृद्धि वाटर वर्क प्राइवेट लिमिटेड के साथ अनुबंध किया है। बारिश से पहले सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का काम पूरा नहीं होने से एक बार फिर इस तालाब में 3 नालों का गंदा पानी भरेगा। इसके साथ ही तालाब का एक बड़ा हिस्सा जलकुंभी से पटा पड़ा है। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट वाले हिस्से में प्लास्टिक कचरा और गंदगी की भरमार होने से तालाब के पानी से बदबू उठने लगी है। सूत्रों के मुताबिक अनुबंधित एजेंसी को जुलाई 2022 में इस कार्य का वर्कआर्डर दिया गया। 12 माह की समय अवधि में इस काम को पूरा करना था। इसके बाद भी अनुबंधित एजेंसी आज तक एसटीपी का काम पूरा नहीं कर पायी।

**अफसरों की फटकार के बाद भी समय पर पूरा नहीं हुआ काम**

### रोज 30 लाख लीटर पानी साफ करने की क्षमता

प्रोजेक्ट से जुड़े अफसरों के मुताबिक महाराजाबंध तालाब में एसटीपी शुरू होने से रोजाना 30 लाख लीटर गंदा पानी साफ होगा। अभी इस तालाब में नेहरूनगर नाले से वीरभद्र नगर होते हुए सीवरेज का गंदा पानी मिल रहा है। प्लांट लगने के बाद नाले का पानी मुहाने पर बनने वाले एसटीपी में पहुंचेगा। यहां से साफ होने के बाद उसे तालाब में छोड़ा जाएगा। इससे तालाब का पानी साफ रहेगा। 9 स्तरों पर परंपरागत और जैविक तरीके से इसे साफ करने की योजना है। सामान्य प्लांट की जगह इसे कम जगह में बनाया गया है।



### ट्रीटमेंट प्लांट से ये होगा फायदा

- कुओं और बोर के पानी का जलस्तर बढ़ेगा। तालाब के भीतर आक्सीजन की मात्रा बढ़ेगी।
- तालाब का पानी सूखेगा नहीं, बदबू और गंदगी से राहत मिलेगी।
- तालाब का पानी बारह माह साफ रहने से निस्तारी में होगी सहूलियत।

## खबर संक्षेप

### कोरोना के 5 नए केस मिले

रायपुर। शनिवार को प्रदेश में कोरोना के पांच नये केस का पता चला है। इनमें रायपुर के 4 और कोरबा का एक मामला है। चौबीस घंटे में दस लोगों को कोरोना निगेटिव घोषित किया। वर्तमान में 28 लोगों का इलाज होमआईसोलेशन में चल रहा है और 10 जनरल वार्ड में भर्ती है। इस संक्रमण से अब तक 165 ठीक हो चुके हैं। कोरोना के गंभीर स्थिति वाला मामला अब तक सामने नहीं आया है पिछले दिनों राजनांदगांव में जिन दो लोगों की मौत हुई है वे दूसरी तरह की गंभीर बीमारी से पीड़ित थे।

### रावांभाठा हाईस्कूल के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत



रायपुर। बिरगांव निगम के रावांभाठा वार्ड में स्थित शासकीय हाई स्कूल के नव निर्मित भवन का आज लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही नव प्रवेशी विद्यार्थियों का प्रवेश उत्सव भी मनाया गया। जिन विद्यार्थियों ने 10वीं कक्षा में लिया है, ऐसे विद्यार्थियों को शानदार चार कमरे और बरामदा अब मिलेगा। इसके साथ टायलेट और किचन कक्ष का भी निर्माण करवाया गया है। इस भवन का लोकार्पण और नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत होने से कैम्पस में खुशी का माहौल रहा। इस आयोजन का लोकार्पण ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, महापौर नंदलाल देवांगन, नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद ओमप्रकाश साहू ने बताया कि इसके साथ ही नव प्रवेशी स्कूली बच्चों का तिलक लगाकर प्रवेश कराया। साथ ही पुस्तक व गणवेश दिया गया। इस अवसर पर राउंड टेबल संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष चैतन्य देव भी मौजूद थे। निगम के सभापति कृपाराम निषाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष जयंती पटेल,भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेश साहू मौजूद थे।

### बरसते पानी में आकाश ने किया आक्सीजोन का निरीक्षण



रायपुर। पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड के पार्षद आकाश तिवारी ने शनिवार को बरसते पानी में जोन आयुक्त अरुण ध्रुव के साथ ऑक्सीजोन गार्डन का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने पाया कि ऑक्सीजोन में पेवर ब्लॉक जगह-जगह खराब हो गये हैं। पानी भराव की समस्या से वहां आने वाले नागरिकों को परेशानी हो रही है। लोगों के बैठने के लिए लगाई गई लकड़ी की बेंच भी टूट गयी है। आक्सीजोन में बच्चों के लिए लगाये कुछ झूले भी खराब पाये।

## दुर्ग की एजेंसी को पायलट प्रोजेक्ट के तहत 3 माह के लिए ट्रायल पर दिया था

# मच्छरों के आगे निगम पस्त, उन्मूलन के लिए बनाई गई एकीकृत योजना फिस्स, 1 करोड़ खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

शहर में मच्छरों के आगे नगर निगम प्रशासन पस्त हो गया है। मच्छर उन्मूलन के लिए 70 वार्ड में एक साथ अपनायी गयी एकीकृत योजना की हवा निकल गयी है। 1 करोड़ 24 लाख रुपये में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने दुर्ग की एजेंसी को प्रयोग बतौर 3 माह के लिए इस कार्य के लिए ठेका दिया, जिसके तहत अनुबंधित एजेंसी ने 100 मैन पावर और फागिंग के लिए छोटी मशीन सहित अन्य सुविधा उपलब्ध कराकर पूरे शहर में एंटी लार्वा अभियान और फागिंग की सुविधा उपलब्ध करायी। बाकायदा निगम मुख्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया। जनता की सुविधा के लिए टोल फ्री नंबर भी जारी हुये, पर अब एजेंसी की जगह नगर निगम खुद हर वार्ड में अलग-अलग तरह से एंटी लार्वा और फागिंग का काम जोन स्तर पर करायेगा। निगम मुख्यालय से केवल इसकी मानिटरिंग होगी।

राजधानी को मच्छर मुक्त करने नगर निगम प्रशासन ने अलग-अलग उपाय किये। पहले मुख्यालय स्तर पर फागिंग कराने और एंटी लार्वा छिड़काव करने की व्यवस्था रही। बाद में इसे बदलकर मच्छर उन्मूलन का जिम्मा जोन स्तर पर किया गया। पूर्व में शहर के 70 वार्डों में मच्छर उन्मूलन के लिए नगर निगम के पास अपनी खुद की 2 बड़ी फागिंग मशीन हुआ करती थी, पर देखरेख के अभाव में एक बड़ी फागिंग मशीन कबाड़ हो गयी। दूसरी मशीन एक अरसे से बंद पड़ी है, जिसे नगर निगम प्रशासन ने अब तक नहीं सुधरवाया। कुछ समय पहले पूरे शहर को मच्छरों के डंक से बचाने नगर निगम प्रशासन ने एकीकृत योजना बनाकर ऑनलाइन टेंडर करते हुए ठेका एजेंसी को प्रयोग बतौर इस कार्य का जिम्मा दिया। शर्त ये रही कि 3 माह का कार्य संतोष जनक पाया गया, तो अनुबंधित एजेंसी को इस कार्य के लिए एक्सटेंशन दिया जाएगा। इसके लिए तत्कालीन निगम आयुक्त ने शहरवासियों से मच्छर उन्मूलन कार्य का फीडबैक लेकर विभागीय अधिकारियों से संबंधित एजेंसी के कार्य की समीक्षा भी कराई। पूर्व की परिषद में स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष नागभूषण राव ने नगर निगम के 70 वार्ड में एक साथ इस कार्य को कराये जाने पर ऐतराज जताया। और ये भी कहा कि पॉयलट प्रोजेक्ट शहर के किसी 3 या 4 वार्ड में होना चाहिए था न कि पूरे 70 वार्ड में। मच्छर उन्मूलन संबंधी कार्य को लेकर उस समय के कुछ पार्षदों ने इसमें खामियों का जिक्र करते हुए शिकायत की। सूत्रों के मुताबिक अनुबंधित एजेंसी की 20 फीसदी राशि नगर निगम ने होल्ड कर रखी है। साथ ही इस बार मच्छर उन्मूलन का कार्य वार्ड स्तर पर करने के लिए एंटी लार्वा अभियान जोनवार संबंधित जोन स्वास्थ्य अधिकारियों की निगरानी में कराया जायेगा।

**खास बातें**

- 70 वार्डों में एक साथ मच्छर उन्मूलन का रहा ठेका
- कंपनी का काम रोका, अब जोन स्तर पर एंटी लार्वा छिड़काव



### बारिश के कारण फागिंग बंद

बारिश के सीजन को देखते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य महकमा ने फागिंग के कार्य को विराम दे दिया है। मच्छर नियंत्रण के लिए वार्डवार एंटी लार्वा अभियान पूरे 70 वार्डों में चलाने की तैयारी है। यानी जोन के माध्यम से नगर निगम पूर्व की तरह मच्छर उन्मूलन का कार्य करायेगा। निगम मुख्यालय से इसकी सिर्फ मानिटरिंग ही होगी, जबकि इससे पूर्व निगम ने एकीकृत योजना बनाकर 70 वार्डो में एक साथ मच्छर उन्मूलन का कार्य निजी एजेंसी को सौंपा था।

# बढ़ती आबादी से और बढ़ेगी ट्रैफिक समस्या, कलेक्टर-एसपी ने सड़कों का मुआयना कर प्लान बनाने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आगामी वर्षों में शहर की आबादी और बढ़ेगी, जिससे ट्रैफिक समस्या भी बढ़ेगी, जिससे लोगों को आवागमन में भी परेशानी होगी। कलेक्टर गौरव सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उम्मेद सिंह ने भविष्य में ऐसी स्थिति निर्मित नहीं हो, इसे ध्यान में रखकर शनिवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया और जहां नई सड़क या फ्लाईओवर बनाने की आवश्यकता है, ऐसे क्षेत्रों के लिए प्लान बनाने अधिकारियों को निर्देश दिए।

### मठपुरैना, भाटागांव, उरकुरा, एक्सप्रेस-वे क्षेत्रों का किया निरीक्षण

राजधानी रायपुर में बढ़ती आबादी और भविष्य के ट्रैफिक दबाव को ध्यान में रखते हुए यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ और सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने सक्रिय पहल शुरू कर दी है। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं एसएसपी ने शहर के विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों का दौरा कर संभावित विकास स्थलों का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मठपुरैना, भाटागांव, उरकुरा, एक्सप्रेस-वे सहित अन्य महत्वपूर्ण इलाकों में प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण, नए एक्सप्रेस वे, फ्लाईओवर और रेलवे अंडरब्रिज, ओवरब्रिज की संभावनाओं का गहन अवलोकन किया। कलेक्टर ने कहा कि आने वाले 4-5 वर्षों में रायपुर की जनसंख्या और ट्रैफिक में वृद्धि होगी। इस चुनौती का सामना करने के लिए अभी से रणनीतिक तैयारी की जा रही है। इस दौरान नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार बिश्वरंजन, एडीएम देवेंद्र पटेल, अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर सहित पुलिस, रेलवे और अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे।

# रिहायशी कालोनी में अवैध डेयरी संचालित झुंड में गलियों-घरों में घुस रही गाय-भैंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर को स्मार्ट सिटी के रूप में स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम ने शहर में जगह-जगह भैंस और गाय का पालन कर दुग्ध का व्यवसाय करने वाले किसानों के लिए गोकुलनगर को बसाया है, जहां बड़ी संख्या में किसान डेयरी का संचालन कर रहे हैं।

निगम ने शहर के रिहायशी एवं भीड़ वाले क्षेत्रों में डेयरी संचालन प्रतिबंधित कर रखा है। इसके बाद भी शहर के कई इलाकों में अभी भी मवेशियों का पालन कर डेयरी का संचालन किया जा रहा है, जिसके कारण वहां के रहवासियों को हर दिन परेशान होना पड़ रहा है।



### लोगों का घरों से निकलना हुआ दूभर, गंदगी भी फैला रहे

जोन 10 अंतर्गत अमलीडीह क्षेत्र में महावीर नगर, रिद्धि सिद्धि सोसाइटी मार्ग, ओम विहार, दिव्य कालोनी, शारदा कालोनी सहित अन्य दर्जनों रिहायशी कालोनियां बसी हुई हैं। इन कालोनियों में तीन से चार जगह पर अभी भी अवैध रूप से डेयरी संचालित की जा रही हैं, जिनमें बड़ी संख्या में गाय और भैंस का पालन किया जा रहा है। सुबह 10 बजे इन पालतू मवेशियों को डेयरी संचालकों द्वारा चरने के लिए कालोनियों में छोड़ दिया जाता है, जो शाम तक इन कालोनियों में झुंड में घूम रही हैं। इन मवेशियों से कालोनियों की सड़कों पर न केवल गंदगी फैल रही है, बल्कि लोगों का अपने घरों से निकला भी दूभर हो गया है। गाय घरों के गेट खुला देखकर अंदर प्रवेश कर रही हैं, जिन्हें भगाने में लोगों का पसीना छूट रहा है। इधर इस मामले की शिकायत जोन कार्यालय में की गई है, लेकिन अभी तक न ही मवेशियों को पकड़ा गया है और न ही अवैध रूप से संचालित डेयरी को बंद कराने संबंधी कोई कार्रवाई की गई है।

**केवल बलौदा और सोनाखान में भारी, प्रदेशभर हल्की से मध्यम वर्षा**

# लंबे इंतजार के बाद सुबह-सुबह झमाझम बारिश, छाए रहे बादल, दिन में बरसे नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

लंबे इंतजार बाद आखिरकार राजधानी समेत रायपुर के विभिन्न इलाकों में सुबह-सुबह झमाझम बारिश हुई। इसके बाद बादल तो छाए रहे, मगर पुनः वर्षा का माहौल नहीं बन पाया। पिछले चौबीस घंटे में केवल सोनाखान और बलौदा में 80 से 90 मिमी. की भारी बारिश हुई है। इसके अलावा राज्यभर में हल्की से मध्यम वर्षा का दौर चलता रहा। बंगाल की खाड़ी में बारिश के लिए नया सिस्टम बन रहा है, जिसका व्यापक असर जुलाई के शुरुआत में होने की संभावना है।

- व्यापक बारिश के लिए बन रहा नया सिस्टम, जुलाई की शुरुआत में असर

राजधानी रायपुर में मानसून का प्रवेश 16 जून को हो चुका, मगर बारिश का प्रभाव 12वें दिन शहर में सुबह नजर आया। सुबह 5 बजे के लगभग शुरू हुआ झमाझम बारिश का दौर चलता रहा, जो आठ बजे के आसपास खत्म हुआ। शहर की तुलना में वर्षा का प्रभाव माना इलाके में अधिक रहा। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक मानसून की गतिविधि अभी सामान्य से कम है इसलिए भारी वर्षा का दायरा एक दो स्थानों पर ही सीमित है। पिछले चौबीस घंटे में इसका असर जांजगीर और बलौदाबाजार जिले में ही सीमित रहा है। इसके अलावा प्रदेश के 50 से अधिक स्टेशनों में 4 से एक सेमी. की हल्की से मध्यम बारिश होती रही। अनुमान है कि अगले दो दिन मानसूनी सिस्टम कमजोर रहेगा इसके बाद बनने वाले नया सिस्टम प्रदेश में वर्षा का दायरा बढ़ा सकता है। राज्य में अब तक 128.9 मिमी. बारिश हुई है जो सामान्य से 25 प्रतिशत कम है। रायपुर में 104.8 मिमी. तक वर्षा हुई है जो सामान्य स्थिति से 29 प्रतिशत कम है।



### पिछले साल भी कम वर्षा

मौसम विशेषज्ञों की माने तो जून के महीने में बारिश की गतिविधि कम रहती है। प्रदेश में बारिश का मौसम जुलाई के दूसरे पखवाड़े से ही बनता है और सितंबर तक की बारिश से कोटा पूरा होता है। पिछले साल भी रायपुर में 172.5 मिमी. की तुलना में महज 110 मिमी. वर्षा हुई थी। जुलाई में बनने वाले विभिन्न सिस्टम से पर्याप्त मात्रा में बारिश हुई थी।

### कहां कितनी बारिश

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछली चौबीस घंटे में दो इलाकों की भारी बारिश के अलावा तिल्दा में 5, माना, रायपुर शहर, खरोरा, खौरागढ़ में 4 सेमी. तक बारिश हुई है। इसके अलावा धमधा, भरतपुर, अहिवारा, मनेन्द्रगढ़ में 3 सेमी. तक बारिश हुई है। सुबह की वर्षा के बाद शनिवार को दिनभर कुछ एक इलाके में बूंदाबांदी की स्थिति बनी रही।

## डॉयल-112 की टीम की मदद से सांपों को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर छोड़ा

# घर में जमीन के नीचे एक साथ 35 कोबरा देख लोगों के उड़े होश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आरंग थाना क्षेत्र के एक गांव के मकान में जमीन के नीचे एक साथ 35 खतरनाक इंडियन कोबरा देख लोगों के होश उड़ गए। घर के अंदर सांपों का बसेरा होने की जानकारी मिलने पर मकान मालिक ने डॉयल-112 की मदद ली। डॉयल-112 की टीम ने पूरी तरह से सावधानी बरतते हुए सभी सांपों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा। डॉयल-112 की टीम तथा सपेरे ने सांपों को रेस्क्यू करने के पहले घर के सभी सदस्यों को घर से बाहर निकाला। इसके बाद रेस्क्यू ऑपरेशन चालू किया।

सापों को रेस्क्यू करने वाली डॉयल-112 की टीम के सदस्य आरक्षक अनिल राजपूत तथा वाहन चालक वीरेंद्र साहू ने बताया कि देवरी गांव निवासी इंद्र कुमार साहू के घर पिछले सप्ताह शनिवार को सांप निकलने की घटना हुई थी। बताया जा रहा है, इंद्र कुमार के घर पर कुछ दिनों से लगातार छोटे-छोटे सांप निकलने की घटना हो रही थी। घर में लगातार सांप निकलने से परेशान इंद्र कुमार ने गांव के एक सपेरे को बुलाया। सपेरे ने घर के चारों तरफ पड़ताल की। पड़ताल में कहीं भी सांपों का बिल नहीं मिला।

### टाइल्स के नीचे मिला सांपों का संसार

घर की तलाशी के बाद सांप नहीं मिलने पर सपेरे ने घर की जमीन को पैर से दबा-दबाकर देखा। एक कमरे में लगे टाइल्स को दबाने पर वह दबने लगा और टाइल्स के नीचे जमीन के पोला होने का अहसास हुआ। इसके बाद जमीन की टाइल्स उखाड़ी गई। टाइल्स के नीचे सांपों का अलग संसार देख सभी के होश उड़ गए।





### डॉयल-112 की मदद से रेस्क्यू

घर के नीचे एक साथ 35 सांप मिलने पर वहां लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। इसके बाद इंद्र कुमार ने घटना की जानकारी आरंग थाने के साथ डॉयल-112 को दी। सपेरे ने डॉयल-112 की मदद से एक-एक कर सांपों को रेस्क्यू कर एक बक्सा में बंद किया और सुरक्षित स्थान पर ले जाकर छोड़ा।

### इस वजह से आते हैं सांप

हल्की बारिश होने पर जमीन नीचे गर्म हो जाती है। इस वजह से सांप ठंडी जगह की तलाश में अपने बिल से बाहर निकल कर सुरक्षित स्थान की तलाश में पहुंचते हैं। इसके अलावा बारिश ज्यादा होने पर बिल में पानी भरने से सांप बिल से बाहर निकलते हैं। घर की फर्श पर लगाए गए टाइल्स के नीचे गेप होने की वजह से कोबरा जोड़े के पहुंचने की जानकारों ने आशंका व्यक्त की है।

# ओला-उबर तर्ज पर बाइक बोट की स्कीम बताकर करोड़ों की ठगी, तीन अंतर्राज्यीय ठग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ओला, उबर तर्ज पर बाइक बोट करने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी करने के छह साल से फरार तीन अंतर्राज्यीय जालसाजों को सिविल लाइंस पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पूर्व में ईडी ने कार्रवाई करते हुए 28 सौ करोड़ रुपए की रिकवरी की है। जालसाजों ने मेसर्स गर्विट इनोवेटिव प्रमोटर्स लिमिटेड नाम से कंपनी बनाकर लोगों के साथ ठगी की है।

- गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ देश के एक दर्जन से ज्यादा राज्यों में ठगी के अपराध दर्ज

बिरगांव निवासी अखिल कुमार बिसोई की शिकायत पर पुलिस ने उत्तरप्रदेश, गौतमबुद्ध नगर संजय भाठी, मेरठ निवासी करणपाल सिंह तथा बुलंद शहर निवासी राजेश भारद्वाज को गिरफ्तार किया है। अखिल कुमार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वर्ष 2017 में ठगी के मास्टर माइंड संजय भाठी ने ओला, उबर तर्ज पर फर्जी कंपनी बनाकर बाइक बोट में 62 हजार 100 रुपए जमा करने पर हर माह नौ हजार 765 रुपए मिलने का झांसा देकर उनके माध्यम से सैकड़ों लोगों से रकम जमा कराकर ठगी की थी।



### डेढ़ हजार चेक बाउंस के मामले दर्ज

पूछताछ में ठगी के मास्टर माइंड संजय भाटी ने पुलिस को बताया है कि उसके खिलाफ देश के अलग-अलग राज्यों में चेक बाउंस के डेढ़ हजार मामले दर्ज हैं। पुलिस ने तीनों को राजस्थान, जयपुर जेल से ट्रांजिट रिमांड पर गिरफ्तार कर रायपुर लाई है। जालसाजों ने रायपुर की तरह से उत्तर भारत से लेकर दक्षिण के राज्यों में ठगी की थी।

## बिजनेस साइट

### बैंक ऑफ इंडिया का ग्राहक संपर्क कार्यक्रम, 300 से अधिक हितधारकों ने लिया हिस्सा




**रायपुर।** बैंक ऑफ इंडिया ने शनिवार को नया रायपुर सेक्टर-24 स्थित अपने नवीन आंचलिक कार्यालय परिसर का उद्घाटन किया। इस भव्य अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम. नागराजू (आईएएस) शामिल हुए। कार्यक्रम की गरिमा बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी रजनीश कर्नाटक की उपस्थिति से और बढ़ गई। उद्घाटन समारोह के साथ-साथ बैंक ऑफ इंडिया द्वारा रायपुर के होटल बेबीलॉन में एक व्यापक ग्राहक संपर्क कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्वसहायता समूह और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के 300 से अधिक हितधारकों ने भाग लिया। इस अवसर पर बैंक ने चयनित एमएसएमई और मुद्रा ऋण ग्राहकों को ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए। साथ ही, विभिन्न एसएचजी समूहों को भी स्वीकृति पत्र देकर सशक्त किया गया।

### मैट्स यूनिवर्सिटी में 'द डिजाइन फेस्ट-2025' का आयोजन



**रायपुर।** मैट्स विश्वविद्यालय पंडरी स्थित सिटी कैंपस में मैट्स स्कूल ऑफ फैशन डिजाइनिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 'द डिजाइन फेस्ट-2025' का भव्य शुभारंभ हुआ। यह आयोजन 27 जून से 29 जून तक चलेगा, जिसमें विभाग के छात्रों ने अपनी रचनात्मकता, नवाचार और डिजाइन कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. अनामिका सिंह रहीं। उनके साथ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गजराज पगारिया, कुलपति प्रो. डॉ. केपी यादव, महानिदेशक प्रियेश पगारिया, प्रो-वाइस चांसलर दीपिका ढांड, गोकुलानंद पांडा सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख एवं प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### कल्याण पब्लिक स्कूल में आर्थिक अशक्त बच्चों को बांटी शैक्षणिक सामग्री

**रायपुर।** शंकर नगर स्थित कल्याण पब्लिक स्कूल में शनिवार को एक गरिमामयी कार्यक्रम के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 50 विद्यार्थियों को



निशुल्क शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि किसी भी बच्चे की शिक्षा आर्थिक अभाव के कारण बाधित न हो। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल डायरेक्टर राजेश सक्सेना, लॉज भिलाई क्लब के अध्यक्ष केएस झा, जगदीश जब्बल, सुभाष देशपांडे एवं पार्षद राजेश गुप्ता उपस्थित रहे। इन अतिथियों के करकमलों से विद्यार्थियों को स्कूल बैग, पुस्तकें, कॉपियां और अन्य आवश्यक अध्ययन सामग्री वितरित की गई। साथ ही दो छात्रों की स्कूल फीस का वहन भी किया गया।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को सौंपा 2762 करोड़ का लाभांश चेक

**रायपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 2762 करोड़ के लाभांश का चेक केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण को सौंपा। यह चेक बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी



देबदत्त चांद द्वारा नई दिल्ली स्थित नॉर्थ ब्लॉक में वित्तमंत्री कार्यालय में प्रदान किया गया। इस मौके पर वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस) के सचिव एम. नागराजू, संयुक्त सचिव आशीष माधवराव मोरे और बैंक के कार्यपालक निदेशकगण ललित त्यागी, संजय मुदलियार, लाल सिंह तथा बीना वाहिद भी उपस्थित रहे। बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा प्रस्तुत यह लाभांश उसके निरंतर मजबूत वित्तीय प्रदर्शन और देश की आर्थिक वृद्धि में योगदान की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

सुयश हॉस्पिटल
(NABH से मान्यता प्राप्त)
न्यूरो सर्जरी विभाग
.सिर की चोट
.रीढ़ की हड्डी के ऑपरेशन
.ब्रेन ट्यूमर
.ब्रेन हेमरेज
आदि का उच्च स्तरीय ईलाज
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

सफेद दाग
(ल्यूकोडर्मा) का लेसर द्वारा ईलाज
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

# साय ने कहा- छत्तीसगढ़ में बन रहा उद्योग-धंधों के लिए अनुकूल माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के फलस्वरूप कृषि के साथ-साथ उद्योग-धंधों के लिए भी एससी-एसटी सहित सभी वर्गों के लिए अनुकूल वातावरण पूरे प्रदेश में बना हुआ है। यही वजह है कि अब तक प्रदेश में लगभग साढ़े पांच लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं।

उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री साय ने रायपुर में आयोजित डॉ. आंबेडकर बिजनेस कॉन्क्लेव एवं एक्सिलेंस अवॉर्ड्स समारोह में कही। उन्होंने दलित चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डिक्की) द्वारा आयोजित इस



कॉन्क्लेव को नव उद्यमियों को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया एवं छत्तीसगढ़ में आयोजन के लिए बधाई दी। इस दौरान श्री साय ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के नव उद्यमियों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया। कॉन्क्लेव में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लगभग 800 से अधिक नव उद्यमियों ने हिस्सा लिया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमने यहां नई औद्योगिक नीति को अपनाया है, जिसे बहुत परिश्रम से हमारी सरकार ने तैयार कर प्रदेश में उद्योग के क्षेत्र में नई संभावनाओं को पंख देने का कार्य किया है। कम समय में ही 5.50 लाख करोड़ रुपए का निवेश विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त हुआ है। अकेले पावर सेक्टर में ही 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हुआ है। हमें आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के नेतृत्व में विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करना है, जिसके लिए हमें उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ना ही होगा।

#### उद्यमिता के क्षेत्र में बढ़ रहा एससी-एसटी वर्ग

इस अवसर पर दलित चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डिक्की) के फाउंडर चेयरमैन पद्मश्री डॉ. मिलिंद कांबले ने वर्तमान समय में छत्तीसगढ़ राज्य के लिए 360 डिग्री अप्रोच वाली योजना की आवश्यकता बताई, जिससे उद्यमिता के क्षेत्र में बढ़ रहे अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों को उद्योग से संबंधित उच्चस्तरीय प्रबंधन, टेक्नोलॉजी, वित्तीय प्रबंधन, सब्सिडी, मार्केट लिंकेज तथा मार्केटिंग जैसे अन्य महत्वपूर्ण विषयों की त्वरित जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। डिक्की के नेशनल प्रेसिडेंट रवि कुमार नर्रा ने कार्यक्रम की भूमिका संबंधी जानकारी प्रस्तुत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, डिक्की पश्चिमी क्षेत्र प्रमुख संतोष कांबले, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव डांगी, स्टेट प्रेसिडेंट अभिनव सत्यवंशी सहित बड़ी संख्या में अजा एवं अजजा वर्ग के उद्यमी उपस्थित थे।

## फर्जी बाबा की गिरफ्तारी पर महामंडलेश्वर कैलाशानंद ने कहा- कार्रवाई होनी चाहिए




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

निरंजनी अखाड़ा के प्रमुख आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि महाराज ने छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में फर्जी बाबा की गिरफ्तारी पर कहा कि आसाराम, राम रहीम जैसे लोग किसी परंपरा से जुड़े लोग नहीं हैं, क्योंकि एक संन्यासी को छोटी गलती पर भी अखाड़े से निकाल दिया जाता है, इसलिए डोंगरगढ़ मामले में भी न्यायिक कार्रवाई होना चाहिए।

महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि महाराज रायपुर प्रवास पर है। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि भारत का संविधान सबके के लिए एक जैसा है।डोंगरगढ़ में जिस बाबा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ऐसे लोगों को साधु नहीं कहा जा सकता हैं, क्योंकि वे किसी परंपरा से जुड़े नहीं है। उन्होंने कहा कि जो धर्म की रक्षा करता है धर्म उसकी रक्षा करता है। उन्होंने यह भी कहा कि 13 अखाड़े से जुड़े साधुओं को ही साधु माना जा सकता है। ऐसे कुकृत्य करने वाले पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है, वे अखाड़ा के सदस्य नहीं हैं, अगर वह सदस्य होते तो उसके विरुद्ध अखाड़ा कदम उठाता।

#### धर्मांतरण पर सरकार को संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए

महामंडलेश्वर महाराज ने धर्मांतरण और फर्जी धर्म गुरुओं को लेकर कहा कि अनादि काल से एकमात्र धर्म सनातन है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ अनाधिकृत तरीके से धर्म परिवर्तन किया जा रहा है, जो अन्याय है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म इसके लिए स्वीकृति नहीं देता। इसके लिए ना क्षमा है और ना ही इसे स्वीकार किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि दूसरे धर्म में जाने के बाद अगर यश भी मिले तो इसका कोई अर्थ नहीं है। महामंडलेश्वर महाराज ने कहा कि सरकार को धर्मांतरण जैसे मामलों को संज्ञान में लेना चाहिए और कार्रवाई करनी चाहिए।

## दानवीर भामाशाह जयंती को राष्ट्रीय व्यापारी दिवस के रूप में मनाया

**रायपुर।** कैट ने शनिवार को दानवीर भामाशाह की जयंती को राष्ट्रीय व्यापारी दिवस के रूप में मनाया। प्रदेशभर में इस तरह के आयोजन किये गये। इसी कड़ी में राजधानी के प्रदेश कार्यालय में दानवीर भामाशाह की 478वीं जयंती उत्साह के साथ मनायी गयी। प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने बताया कि कार्यक्रम में कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर




पारवानी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। अपने उद्बोधन में अमर पारवानी ने कहा कि आज सभी व्यापारी इस मंच पर दानवीर भामाशाह की जयंती मना रहे हैं। भामाशाह बाल्यकाल से मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप के मित्र, सहयोगी और विश्वासपात्र सलाहकार थे। जब एक समय में महाराणा प्रताप अपना किला हार गए थे, उस समय महाराणा प्रताप अपने परिवार के साथ जंगल मे रह रहे थे। तब भामाशाह ने अपनी मातृभूमि की रक्षा करने के लिए अपनी सारी दौलत महाराणा प्रताप को दे दी थी।

### छत्तीसगढ़ फूटवियर एसोसिएशन ने चैंबर अध्यक्ष से की मुलाकात



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ फूटवियर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष शिव गंगवानी ने शनिवार को छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सतीश थौरानी से मुलाकात की। इस दौरान माल और सेवा कर के लगातार छापों पर चिंता व्यक्त की। व्यापारियों ने कहा कि छोटे-छोटे दुकानदारों से जबरदस्ती रकम जमा करवाने का दबाव बनाया जा रहा है, जो कि अनुचित है। व्यापारियों ने जीएसटी के बढ़ते छापों पर रोष व्यक्त करते हुए प्रदेश बंद का आव्हान चैंबर से किया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 14,500/-
11 यात्री बुकिंग पर एक यात्री फ्री
9 रात व 10 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
16 जुलाई, 16 अगस्त, 6 सितंबर, 17 सितंबर, 24 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

उड़ान
हेड ऑफिस - रायपुर
लक्ष्य CGPSC -2025
PRE+MAINS की एकीकृत तैयारी
FOUNDATION BATCH
OFFLINE+ONLINE(LIVE)+ RECORDED
BILINGUAL BATCH
हिन्दी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों में
24 जून 2025 से आरंभ
समय : शाम 5:30 बजे से 8:30 बजे तक

उड़ान
सिटी प्लाजा ब्रांच - रायपुर
शिक्षक भर्ती परीक्षा
सहायक शिक्षक (वर्ग -3) हेतु विशेष बैच
(CTET & CGTET हेतु भी उपयोगी )
OFFLINE+ONLINE(LIVE)+RECORDED
23 जून 2025 से आरंभ
समय : शाम 5:30 बजे से 8:30 बजे तक
इस बैच की विशेषताएं
● सहायक शिक्षक के सम्पूर्ण पाठ्यक्रम का COVERAGE
● प्रत्येक क्लास का Recorded Video तथा PDF

उड़ान
सिटी प्लाजा ब्रांच - रायपुर
आरक्षक भर्ती परीक्षा
6000+ पद सुनहरा अवसर
80 दिन कोर्स की अवधि
OFFLINE+ONLINE(LIVE)+RECORDED
नए पाठ्यक्रम पर आधारित
गणित, रीजनिंग एवं छ.ग. की तैयारी
25 जून 2025 से आरंभ
समय : सुबह 11 बजे से 2 बजे तक
इस बैच के साथ उड़ान आरक्षक टेस्ट सीरीज नि:शुल्क

पुलिस आरक्षक टेस्ट सीरीज
शौर्य-2025
कुल टेस्ट 10 | विषयानुसार 05 | फुल लेंथ 05
TEST FEE
OFFLINE-Rs. 499/-
ONLINE-Rs. 299/-
प्लानर के लिए स्कैन करें
आरंभ 29 जून 2025 से
समय : सुबह 10 से 12 बजे तक

प्रयोगशाला परिचारक टेस्ट सीरीज
प्रयास -2025
कुल टेस्ट 05 | विषयानुसार 04 | फुल लेंथ 01
TEST FEE
OFFLINE-Rs. 249/-
ONLINE-Rs. 149/-
प्लानर के लिए स्कैन करें
आरंभ 29 जून 2025 से
समय- सुबह 08:00 बजे से

Udaan IAS
Administrative Academy
UPSC | CGPSC | CGVYAPAM
हेड ऑफिस - लोकायन भवन, दैनिक भास्कर प्रेस रोड, रजबंधा मैदान, रायपुर(छ.ग.) संपर्क :- 0771-4028879,0771-4337979,9617702862
ब्रांच ऑफिस :- ग्राउंड फ्लोर , सिटी प्लाज़ा, अग्रवाल हॉस्पिटल के सामने, अनुपम गार्डन के पास, रायपुर (छ.ग) संपर्क:- 0771-4345531,9617702861